# सनातन धर्म और संस्कृति से नहीं कर पाएंगे छेड़छाड़: जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद



**प्रयागराज।** फिल्म निर्माता, निर्देशक सनातन धर्म और संस्कृति के साथ फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से छेड़छाड़ नहीं कर पाएंगे। इसको लेकर ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज के नेतृत्व में धर्म सेंसर बोर्ड की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। इसकी जानकारी स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद ने माघ मेले में आयोजित प्रेसवार्ता में दी।जगतगुरु शंकराचार्य ने कहा कि ऐसी किसी भी फिल्म या चलचित्र को प्रदर्शन करने पर रोक लगाई जाएगी जिसके किसी भाग में भी कोई दृश्य, शब्दावली, संवाद, गीत, हाव -भाव, भावार्थ कुछ भी सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति का अपमान करे। उस पर सन्देह व्यक्त करता हो, आलोचना, अनादर अथवा उपहास करता हो। फिल्म अथवा चलचित्र धर्म, संस्कृति एवं समाज के मूल्यों और मानकों के प्रति उत्तरदायी और संवेदनशील होनी चाहिए। फिल्म अथवा चलचित्र जिसमें धर्म, संस्कृति, राष्ट्रीय मान बिन्दुओं का हनन या उपहास होता हो उसके प्रमाणन अथवा प्रदर्शन पर सम्यक् रूप से रोक लगाई जाए।उन्होंने कहा कि फिल्म अथवा चलचित्र प्रमाणन व्यवस्था धार्मिक समरसता, धार्मिक आस्था का यथा तथा मान रखने वाली, सामाजिक परिवर्तन के प्रति उत्तरदायी हों। फिल्म अथवा चलचित्र माध्यम ऐसा सन्तुलित, स्वच्छ और स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करें जो किसी धर्म या सांस्कृतिक परम्परा का उपहास या उसे विकृत रूप में प्रदर्शित करने वाला न हो और यथासम्भव फिल्म सौन्दर्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण और चलचित्र की दृष्टि से अच्छे स्तर की हो।जगतगुरु शंकराचार्य ने कहा कि फ़िल्म अथवा चलचित्र के माध्यम से धर्म, संस्कृति विरोधी प्रवृत्तियों, क्रियाओं, विकृतियों को न्यायोचित या उत्कृष्ट न ठहराया जाए। फ़िल्म अथवा चलचित्र के माध्यम से अपराधियों की कार्यप्रणाली, अन्य दृश्य या शब्द जिनसे कोई अपराध का या पाप अथवा धर्मविरुद्ध आचरण करना उद्दीप्त होने की सम्भावना हो, चित्रित न की जाए।स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि धर्म सेंसर बोर्ड का काम केवल फिल्म, चलचित्र, धारावाहिकों तक ही सीमित नहीं रहेगा बल्कि स्कूल कॉलेज और विश्वविद्यालयों में होने वाले नाट्य मंचन अब ध्यान से और धर्म की मर्यादा को विचार कर सम्पादित करने होंगे।

स्कूल- कॉलेज और विश्वविद्यालयों में ऐसे कोई भी पाठ्यक्रम होंगे तो उनको हटवाए जाएंगे। ऐसी कोई भी चीज जो भारतीय संस्कृति और भारतीय धर्म परम्परा को खंडित करने का कार्य करेगी उस पर कार्यवाही की जाएगी। वेब सीरीज, ऑनलाइन प्लेटफार्म, ओटीटी मंच आदि पर धर्म संस्कृति विरोधी विषयवस्तु न आने दें। यदि कोई विषय वस्तु उक्त प्लेटफार्म पर आती है, तो प्रस्तुतकर्ता, स्टेक होल्डर के विरुद्ध भी धर्म अभिवेचन सेवालय अपनी कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।

# पंचायत भवन चौबारा में हुई चोरी का नहीं हो सका खुलासा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़(प्रयागराज)।** विकास खण्ड होलागढ़ की ग्राम पंचायत चौबारा के पंचायत भवन का ताला तोड़कर विगत 15 जनवरी की रात लाखों की चोरी हो गयी थी।यहां चोरों ने कम्प्यूटर ,प्रिंटर ,दो बड़ी बैटरी,, एलईडी 32 इंच,डिस आदि चुरा ले गए।चोरों की नजर डीबीआर पर नहीं पड़ी। उसे नही ले गए।पूर्व प्रधान पति अंजनी पांडेय ने बताया कि डीबीआर में एक चोर की फ़ोटो दिख रही है।पुलिस खोजने में जुटी है।मगर चोरी का खुलाशा न होने से लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है।लोगो की माने यो लगभग ढाई लाख का सरकारी सामान चोरी गया है।उधर प्रधान दीप चन्द और पूर्व प्रधान पति की ओर से खुलाशा करने वाले को इनाम की घोषणा की गई है।

# शिक्षा की संपोषणीयता की ओर उन्मुखीकरण हेतु प्रशिक्षण का आयोजन



**प्रयागराज।** संस्थान आई.ए.एस.ई प्रयागराज की प्राचार्य सुश्री गायत्री के निर्देशन में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिक्षा के संपोषणीयता की ओर उन्मुखीकरण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम 17 से 19 जनवरी तक संपन्न हुआ। तृतीय दिवस के सत्र का प्रारंभ विषय विशेषज्ञ डॉ रमेश चंद्र श्रीवास्तव, सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य जीआईसी फैजाबाद ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डिजाइन थिंकिंग के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान किया। द्वितीय चक्र में विषय विशेषज्ञ डॉक्टर अवधेश कुमार गंगवार कोऑर्डिनेटर एवं फोकल प्वाइंट आर सी ई श्रीनगर जम्मू और कश्मीर प्रतिभागियों को फुट प्रिंट और हैंड प्रिंट, प्राथमिक उपचार, खोज बचाव और राहत कार्यों में प्रथम प्रयुत्तरदाता की भूमिका और क्षमता, सतत विकास लक्ष्य, अब तक की प्रगति और भविष्य की चुनौतियां विषय पर जानकारी प्रदान किया। मंच संचालन स्मिता जायसवाल ने किया। भोजनावकाश के बाद प्रतिभागियों ने फीडबैक दिया। संस्थान की प्राचार्य सुश्री गायत्री ने प्रतिभागियों को आर्शीवचन एवं प्रमाण पत्र वितरित किया। प्रशिक्षण में संस्थान के प्रो. सन्त राम सोनी ( पी ई एस) प्रवक्ता, समीर (पी ई एस), दरखशा आब्दी, अमिता सिंह, रंजीत, उपेन्द्र नाथ सिंह, डॉ मीनाक्षी पाल, स्मिता, डॉ. रूपाली दिव्यम, शशि यादव,अरविंद, मोनिस हसन और यशवंत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।प्रशिक्षण के दौरान संस्थान के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लोकमित्र खबर का असर

# पशु चिकित्सकों की टीम पहुंची लमपी गांव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** विकास खण्ड होलागढ़ की ग्राम पंचायत कल्याणपुर के कई गांवों में इन दिनों पशुओं में लमपी नामक बीमारी का प्रकोप है।जिसे दैनिक लोकमित्र समाचार पत्र ने 18 जनवरी के अंक में फ़ोटो सहित प्रकाशित किया था। अधिकारियों ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए गुरुवार को पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एस के पटेल के नेतृत्व में आधा दर्जन कर्मी कल्याण पुर के धानी के पूरा,थमहन के पूरा और नेवाजी के पूरा में पशु पालकों के घर जाकर पशुओं का इलाज कर दवाएं दी। टीम के साथ सर्वेश त्रिपाठी,बद्री प्रसाद, प्रकाश चन्द्र पटेल, संदीप मिश्र और महेंद्र आदि रहे।



# उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष बने मिहिर

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल प्रयागराज की आवश्यक बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के संकल्पों को पूरा करने के क्रम में सारस्वत पैलेस मे प्रभारी विपिन गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन करते हुए जिला अध्यक्ष लालू मित्तल ने संगठन के विस्तार और सदस्यता पर प्रकाश डालते हुए सभी को ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों को संगठन से जोड़ने की अपील की। महानगर अध्यक्ष नीरज जयसवाल ने जिला अध्यक्ष और कमेटी की संस्तुति पर आशुतोष कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष, महानगर इं.बिपिन शुक्ला को महानगर संगठन मंत्री का दायित्व दिया और मिहिर बरनवाल को उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल का महानगर अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया। इस अवसर पर अनिल गुप्ता कोषाध्यक्ष सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल, जे एस बिरदी उपाध्यक्ष सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल, पंकज जायसवाल, उमंग ग्रोवर, नीलेश केसरवानी, पवन श्रीवास्तव, मैकूलाल विश्वकर्मा, जय सिंह आदि अन्य व्यापारी उपस्थित रहे सभी ने नव मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई दी एवं अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।



# सड़क सुरक्षा मां माह के दौरान चला बाइक पर तीन सवारी के विरुद्ध अभियान

**प्रयागराज।** सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरूवार को दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी के विरूद्ध चेकिंग अभियान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जैसे लिप्रोसी चैराहा, बांगड़ धर्मशाला चैराहा में चलाया गया। इस अभियान के तहत दो पहिया वाहन चालकों को 3 लोगों को बैठाकर न चलाये के संबंध में जागरूक किया गया एवं 12 वाहनों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गयी। इसके अतिरिक्त वाहनों में हूटर, सायरन व प्रेशर हार्न के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। उक्त जागरूकता अभियान में सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी जैसे- दो पहिया वाहन चालक, हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगा कर वाहन चलाये, नशे की हाल में वाहन न चलाये, रेड सिग्नल को पार न करें, लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करें, तेज रफ्तार से वाहन न चलायें, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, का पालन किया जाये जिससे सड़क दुर्घटना से बचा जा सकता है। इस अवसर पर सुरेश कुमार मौर्य, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) तृतीय दल, सुरेन्द्र सिंह, यात्रीकर अधिकारी, विक्रान्त सिंह यात्रीकर अधिकारी, रामसागर यात्रीकर अधिकारी एवं प्रवर्तन सिपाही उपस्थित रहें।

# विधायक ने कई स्कूलों में किया शिक्षक सम्पर्क



**होलागढ़(प्रयागराज)।** क्षेत्रीय भाजपा विधायक गुरु प्रसाद मौर्य के साथ भाजपा नेताओ ने कई इंटर कॉलेजों में गुरुवार को शिक्षक एमएलसी चुनाव के मद्देनजर शिक्षको से सम्पर्क किया।इलाहाबाद झांसी शिक्षक निर्वाचन चुनाव के अंतर्गत होलागढ़ ब्लॉक के चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज सभागंज पूरबनारा, बी डी इंटर कॉलेज पश्चिम नारा एवं भोलानाथ रामसुख इंटरमीडिएट कॉलेज काशीपुर के शिक्षकों से जनसंपर्क कर भाजपा से घोषित प्रत्यासी के पक्ष में प्रचार किया। विधायक गुरु प्रसाद मौर्य के साथ मंडल अध्यक्ष टीएन सिंह, पोलिंग प्रमुख गुरु ओम मिश्र, शंकर लाल पटेल, सुरेंद्र श्रीवास्तव, गौरव सिंह आदि रहे।

# अधिकारियों ने भीड़ नियन्त्रण और अग्नि सुरक्षा पर प्रकाश डाला

**प्रयागराज।** अविनाश चन्द्र पुलिस महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवायें उ0प्र0 द्वारा माघ मेला क्षेत्र प्रयागराज के पुलिस स्टेशन कोतवाली, फायर स्टेशन माघ मेला कोतवाली पुलिस स्टेशन संगम, फायर स्टेशन संगम, पुलिस स्टेशन परेड एवं फायर स्टेशन परेड का निरीक्षण किया गया एवं पुलिस लाइन माघ मेला के मानसरोवर हाल में पुलिस अधिकारियों के साथ भीड़ नियन्त्रण और अग्नि सुरक्षा पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान रमित शर्मा पुलिस आयुक्त प्रयागराज, डॉ राजीव नारायण मिश्र वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला प्रयागराज, आदित्य शुक्ला पुलिस अधीक्षक माघ मेला, अन्य क्षेत्राधिकारी गण, मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रयागराज, मुख्य अग्निशमन अधिकारी माघ मेला प्रयागराज, सिविल पुलिस, वायरलेस विभाग, पीएसी, ट्रैफिक पुलिस एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें। माघ मेला को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त फायर स्टेशन नैनी एवं फायर स्टेशन गौहनिया बारा प्रयागराज का निरीक्षण किया गया। तदुपरान्त शाम को आधुनिक समाचार पब्लिशिंग हाउस सी-41 यू0पी0एस0 आई0डी0सी0 (निकट भारत गैस प्लांट ) रेमण्ड मोड़ नैनी, मिर्जापुर रोड, नैनी प्रयागराज में फायर सेफ्टी एवं फायर प्रिवेन्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे दीप प्रज्जवलित करके पुलिस महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवायें उ0प्र0 द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात सी0एफ0ओ0 डॉ0 राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा आग से बचाव के बारे में एवं जनपद प्रयागराज के फायर स्टेशनों एवं जनशक्ति के बारे मे पूर्ण विवरण बताया गया एवं एफ0एस0ओ नागेन्द्र प्रसाद द्विवेदी द्वारा आग को बुझाने के तरीके बताये गये। कार्यक्रम में उद्यमियों, होटल व्यवसायी हाईराइज बिल्डिंग स्वामी, हास्पिटल स्वामी, विद्यालय प्रबन्धक एवं शिक्षक सम्मिलित हुए, जिसमें यू0पी0एस0 आई0डी0सी0 के पदाधिकारी राजीव नैयर, अध्यक्ष अरविंद राय ने सभी उद्यमियों को अग्नि सुरक्षा किये जाने हेतु अनुरोध किये। सारथी फाउन्डेशन के रौनक कुमार एवं प्रिम रोज़ संस्थान के फरहान आलम एवं अपराध निरोधक समिति के कनक वागची और डा0 एम0के0 पाण्डेय ने अग्नि सुरक्षा नियम पर प्रकाश डाला।



# मुंबई में शायर अख्तर इलाहाबादी के सम्मान में मुशायरे का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मऊआइमा (प्रयागराज)।** मशहूर इंकलाबी शायर अख्तर इलाहाबादी के सम्मान में मुंबई के साकीनाका में %एक शाम अकबर इलाहाबादी के नाम% मुशायरे का आयोजन किया गया। बज्मे गुलिस्तां शेर ओ अदब के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में आयोजकों और शायरों द्वारा शायर अख्तर इलाहाबादी को सम्मानित किया गया। प्रयागराज के मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बाकराबाद निवासी अख्तर इलाहाबादी देशभर में कवि सम्मेलनों तथा मुशायरों में अपने उम्दा इंकलाबी कलाम पढ़ने के लिए जाने जाते हैं। मुंबई की तंजीम बज्मे गुलिस्तां ने उनके सम्मान में साकीनाका में एक शाम अख्तर इलाहाबादी के नाम मुशायरे का आयोजन किया। इसमें देशभर के मशहूर शायरों ने शिरकत की। इस मुशायरे में अख्तर इलाहाबादी ने भी अपने कलाम पढ़े। उनकी अदबी खदिमात के लिए अंजुमन द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया। आयोजकों में अफ़रोज़ शेख, यासिर आज़मी, तारिक चौधरी रहे। अंसार उल्ला चौधरी तथा रमज़ान चौधरी विशिष्ट अतिथि, शायर व नाजिम हसन बलरामपुरी, शाद अकबरपुरी, शमीम दानिश कानपुरी, फ़ैज़ गोरखपुरी, नसीबुल्ला बस्तवी, अब्दुल जब्बार शोलापुरी तथा यासिर आज़मी आदि शायरों ने अपने कलाम पेश किए। अख्तर इलाहाबादी के अहबाब और उनके शायर दोस्तों ने इस एज़ाज़ी मुशायरे की खबर सुनकर उन्हें मुबारकबाद पेश की।

# बोगवा गली मोहल्ले में गंदगी के चलते बीमारी फैलने की आशंका

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी ( प्रयागराज )।** नैनी क्षेत्र के बोगवा की गली मोहल्ले में बनी नालियों की नियमित सफाई के न कराए जाने से जगह-जगह कूड़े का अंबार लगा हुआ है । जिससे लोगों में तमाम तरह की बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है।बताया जाता है ,कि नैनी के बोगवा की गली नैनी बाजार से सटकर बसा हुआ है। इस मोहल्ले की आबादी हजारों की है। यह मोहल्ला नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत आता है । इस मोहल्ले में बनी नालियों की नियमित सफाई न कराए जाने से जगह-जगह कूड़े का अंबार लगा हुआ है। कूड़े से नालिया पूरी तरीके से जाम हो गई है। जिसके चलते मोहल्ले में गंदगी का साम्राज्य है। नालियों में पड़े कूड़ा करकट से क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। मोहल्ले में गंदगी का अंबार है। गंदगी के चलते यहां का वातावरण काफी प्रदूषित हो गया है । मच्छरों की भरमार हो गई है। नालियों से उठ रही दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल हो गया है । भीषण गंदगी के चलते क्षेत्र में तमाम तरह की महामारी फैलने की संभावनाएं दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इसकी जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा विभागीय अधिकारियों को कई बार दी गई , बावजूद इसके उनके द्वारा इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है । जिससे लोगों में उनके प्रति जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।



# नेवादा स्कूल में ताला तोड़कर हजारों की चोरी



**होलागढ़(प्रयागराज)।** प्राथमिक विद्यालय शाहपुर कल्याण उर्फ नेवादा स्कूल के गेट,चैनल,आलमारी और लाकर का बीती रात चोरों ने ताला तोड़कर सोलर पैनल की दो बड़ी बैटरी, एक सिलेंडर, कई सरकारी अभिलेख आदि चुरा ले गए।दूसरे दिन सुबह स्कूली बच्चे जब स्कूल पहुंचे तो देखा कि कई ताला टूटा हुआ था।इंचार्ज सरला ने 112 न0 और होलागढ़ पुलिस को चोरी होने की सूचना दी। पुलिस मौके की जांच करने में जुट गई है।हलाकि विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका विभा पांडेय को चार्ज न देकर कनिष्ठ शिक्षिका सरला को इंचार्ज बनाने को लेकर भी स्कूल में विवाद बना हुआ है। उधर पुलिस इस मामले को गम्भीरता से इसलिए भी ले रही है क्योंकि यह गाँव ब्लाक प्रमुख और पूर्व ब्लाक प्रमुख का है।

# एमएलसी ने की बाबूलाल को जिताने की अपील

### ☞शिक्षक चुनाव को लेकर निर्मला पासवान ने सोरांव क्षेत्र के अनेक विद्यालयों में शिक्षकों से किया संपर्क

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मऊआइमा (प्रयागराज)।** भाजपा की एमएलसी निर्मला पासवान ने एमएलसी शिक्षक चुनाव को लेकर सोरांव क्षेत्र के अनेक विद्यालयों में बैठक कर भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल तिवारी को जिताने की अपील की। गुरुवार को मऊआइमा के बराडीह स्थित रामाअधार पटेल इंटर कॉलेज, बांका जलालपुर स्थित कन्हैया लाल मौर्य इंटर कॉलेज तथा सोरांव स्थित मेवालाल इंटर कॉलेज तथा सोरांव इंटरमीडिएट कॉलेज में शिक्षकों के साथ मिलकर पूर्ण बहुमत से जिताने की अपील की। उन्होंने कहाकि हम सदैव शिक्षकों के हित के लिए तैयार रहेंगे। सभी विद्यालयों के शिक्षकों ने बीजेपी प्रत्याशी को समर्थन देने की बात कही। इस मौके पर प्रबंधक विनीत कुमार मौर्य, कन्हैया लाल, शिक्षकगण मौजूद थे।



# बारात मे शामिल हुए युवक को पिकप गाड़ी ने कुचला, मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करमा (प्रयागराज)।** घूरपुर थाना क्षेत्र के करमा चौकी अन्तर्गत छीतूपुर गांव के पास स्थित एक गेस्ट हाउस में बारात में आये युवक को पिकअप गाड़ी ने कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। घोड़ेडीह करछना निवासी विभव कुमार पटेल पुत्र रामनरेश बुधवार को छीतूपुर स्थित गेस्ट हाउस में एक बारात में शामिल होने आया था। वह सड़क पर युवकों के साथ डांस कर रहा था कि सामने से तेज रफ्तार से आ रही पिकअप की चपेट में आ गया। जब तक सब अचानक हुई घटना को समझ पाते पिकअप ड्राइवर गाड़ी सहित मौके से भाग गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई तो चौकी इंचार्ज उमाशंकर सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंच गए। घायल स्थिति में उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विभव की मृत्यु का समाचार उसके घर पहुंचा तो परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों को रोते बिलखते देख बारातियों में गुस्सा फूट पड़ा और लोगों ने जमकर हंगामा किया। लोगों ने गेस्ट हाउस में भी तोड़ फोड़ शुरू कर दिया लेकिन बड़े बुजुर्गों के समझाने बुझाने के बाद मामला शांत हुआ। गुरुवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



# आड़े- तिरछा तिपहिया खड़ी करने से दुर्घटना होने की संभावनाएं बढ़ीं

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी ( प्रयागराज )।** नैनी क्षेत्र के नई बाजार ए.डी.ए मोड़ पर विक्रम चालकों द्वारा विक्रम को आड़े- तिरछा खड़ी करने से आए दिन दुर्घटना होने की संभावनाएं बनी रहती है। और इलाकाई पुलिस बेखबर बनी हुई है।बताया जाता है, कि नई बाजार ए.डी.ए मोड़ से होकर कॉलोनी वासियों के अलावा नई बाजार, बिनोवा नगर, त्रिवेणी नगर, मुक्ता बिहार, शाह जी का पूरा, सरपतहिया आदि कई मोहल्ले के लोगों का आना- जाना चौबीसों घंटे बराबर बना रहता है। यहां पर विक्रम चालकों द्वारा विक्रम को आड़े- तिरछा खड़ी करने से जहां एक तरफ लोगों को आने जाने में दिक्कतें महसूस हो रही है, वहीं पर दूसरी तरफ आए दिन दुर्घटना होने की भी संभावनाएं बनी रहती है। इसकी जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा इलाकाई पुलिस को कई बार दी गई, बावजूद इसके उनके द्वारा इस तरफ कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



# क्षेत्र में ई- रिक्शा की बैटरी की चोरी जोरों पर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी ( प्रयागराज )।** नैनी पुलिस की मिलीभगत से क्षेत्र में ई- रिक्शा की बैटरी की चोरी की घटनाएं आए दिन सुनने को मिल रही है।बताया जाता है कि इस महंगाई के दौर में अपने परिवार को चलाने के लिए लोग ई- रिक्शा का सहारा ले रहे हैं। गरीब तबके के लोग ई- रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। चोरों के द्वारा ई-रिक्शा की बैटरी चुराकर क्षेत्र के कबाडियो की दुकान में ले जाकर औने- पौने दामो में बेच दी जाती है। यह धंधा क्षेत्र में बड़ी तेजी के साथ फल फूल रहा है।

लोगों का कहना है, कि इन कबाड़ियों के द्वारा इलाकाई पुलिस को अच्छी खासी रकम पहुंचाई जाती है। जिससे वह लोग भी जानबूझकर चुप्पी साधे रहते हैं।

# दरियापुर में नाला खोदाई के नाम पर लाख रुपये का बंदरबाट करने का आरोप

## डीएम से शिकायत कर जांच कराने की मांग



लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। विकास खंड नेवादा के दरियापुर गांव में नाला खोदाई के नाम पर फर्जी मास्टर रोल बनाकर एक लाख रुपये से अधिक की सरकारी धन का बंदरबाट करने का आरोप लगा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए इसकी जांच कराई जाने की मांग की है। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को जांच कर कार्यवाई करने का आश्वासन दिया है।नेवादा के दरियापुर गांव निवासी हरिश्चंद्र, लवकुश, राजूपाल की अगुवाई में गांव के शिवराज, संजय, तुफैलपाल, रामसिंह, सुखराम, फूलचंद्र, लालचंद्र, गुड्डू, हिमांशु, राहुल, रितेश, मोहित बब्लू, अमरसिंह, सुरेश, मानसिंह, होरी लाल, जमुना प्रसाद, बदलू, बचन और बनवारी आदि ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान शुभम सिंह, रोजगार सेवक गीता देवी और ग्राम विकास अधिकारी कुलदीप नारायण मिश्रा ने मजरा रनिहापर से ससुर खदेरी नदी तक जाने वाले नाले की खोदाई कराने का दावा करते हुए फर्जी मास्टर रोल तैयार करके 1लाख 99 हजार 603 रुपये सरकारी धन अवमुक्त कराकर पैसे का बंदरबाट कर लिया है जबकि नाले की स्थिति जस की तस है। इसी प्रकार अमित ईंट भट्ठा से गिरिया चकरोड पर कोई कार्य नहीं कराया गया और रुपये निकाल लिया गया है।

यही हाल हैंडपंपों का रिबोर के नाम भी किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे ही गांव में कराए गए इंटरलाकिंग आदि विकास कार्य कागजी व उनमें गड़बड़ी करके जमकर रुपयों का बंदरबाट कर लिया गया है। आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने बुधवार को जिलाधिकारी सुजीत सिंह से मिलकर शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

डीएम ने ग्रामीणों को जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# कुनबे ने पुराने विवाद में मां-बेटी को पीटा, शिकायत

महगांव, कौशाम्बी। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के आलमचंद गांव में बुधवार की शाम पुराने विवाद में कुनबे ने मां-बेटी को जमकर पीट दिया। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई। घायलों ने थाने जाकर तीन लोगों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है। आलमचंद गांव की रेहाना बीबी पत्नी अजीज अहमद ने बताया कि पड़ोसी से उसका पुराना विवाद चल रहा है। बुधवार की शाम वह बड़े मियां के घर बकरी बांधने जा रही थी। इसी दौरान पड़ोस की महिला उसे मिली और उसी विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज करने लगी।विरोध करने पर उसने पति और बेटी के साथ मिलकर उसकी पिटाई करने लगे।शोर सुनकर मां को बचाने पहुंची उसकी बेटी अमीना को भी पीट दिया।पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।घायल ने थाने जाकर तीन आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# कसेंदा गांव में भ्रष्टाचार के खिलाफधरना दूसरे दिन भी रहा जारी



चायल, कौशाम्बी। स्थानीय ब्लाक के कसेंदा गांव में विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की जांच कराने की मांग को लेकर युवक मंगलवार से पंचायत भवन के बाहर धरने पर बैठा है। युवक के अनुसार भ्रष्टाचार की जांच कर कार्रवाई न होने तक वह अनशन पर बैठा रहेगा।उसने बुधवार को धरना की जानकारी एसडीएम को दी है।कसेंदा गांव निवासी सुरेंद्र यादव उर्फ पुन्नू ने दूसरे दिन भी धरना जारी रखा।उन्होंने आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान और सचिव की मिलीभगत से गांव में हुए विकास कार्यों में जमकर घोटाला किया गया है। युवक ने मांग किया कि पंचायत भवन में कम्प्यूटर ऑपरेटर की तैनाती सिर्फ कागज पर की गई है, जबकि वह कभी पंचायत भवन में बैठता नहीं है। हैंडपंप मरम्मत और रीबोर के नाम पर तीन लाख रुपए का बंदरबांट किया गया है। गौशाला बने हुए एक साल हो गए हैं इसके बाद भी अभी तक उसका उद्घाटन नहीं किया गया है। ग्राम सभा में कभी भी सदस्यों के साथ बैठक नहीं की गई है। गांव में नाला निर्माण व अन्य कार्यों में भी घोटाला करके रुपयों का बंदरबांट किया गया है। इनकी जांच के लिए कई बार शिकायत की गई, लेकिन उक्त दबंग लोगों ने कार्रवाई नहीं होने दी। युवक ने बताया कि जब तक गांव में हुए भ्रष्टाचार की जांच नहीं होगी तब तक वह अनशन पर बैठा रहेगा।उन्होंने बुधवार को धरना की जानकारी उपजिलाधिकारी राकेश श्रीवास्तव को दिया है।

# शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी के समर्थन में भाजपाइयों ने किया जनसंपर्क



लोकमित्र ब्यूरो

अजुहा, कौशाम्बी। इलाहाबाद झांसी शिक्षक एम एल सी प्रत्याशी के समर्थन में विभिन्न दलों के नेता जनसंपर्क कर समर्थन की अपील कर रहे है । गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने अजुहा कस्बे में जनसंपर्क कर धर्मा देवी , जय मां दुर्गे व दयानंद सरस्वती इंटर कालेज में जनसंपर्क कर पार्टी प्रत्याशी बाबूलाल तिवारी के समर्थन में सहयोग मांगा । इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने भाजपा की नीतियों को बताते हुए बाबूलाल को समर्थन व सहयोग की अपील की । इस मौके पर प्रदीप त्रिपाठी , सुनील कुमार साहू , सौरभ केसरवानी , रमेश चंद्र केसरवानी , राम किरन त्रिपाठी , विजय कुमार पटेल सहित विद्यालय स्टॉफमौजूद रहा।

# ख्वाजा कड़क शाह अब्दाल कांफ्रेंस को मौलाना हाशिम अशरफी करेंगे खिताब

सैनी, कौशाम्बी। कड़ा शरीफमें एक मीटिंग सालाना ख्वाजा कड़क शाह अब्दाल कांफ्रेंस व नतिया मुशायरा के सिलसिले में मुन अकिद हुई, जिसमें कांफ्रेंस के सदर मौलाना नूर मोहम्मद अजहरी ने बताया कि 26 जनवरी दिन जुमेरात को दरगाह कड़ा शरीफ में सालाना ख्वाजा कड़क शाह अब्दाल कांफ्रेंस व नातिया मुशायरा बड़े पैमाने पर मुन अकिद होने जा रहा है जिसमें खुसूसी खिताब (गाजीये इस्लाम हजरत अल्लामा मौलाना अल्हाज मोहम्मद हाशिम अशरफी कानपुरी , राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया गरीब नवाज काउंसिल करेंगे, जलसे के सर परस्त हजरत (गुलाम बाबा अशरफी साहब)ने बताया कि इसके अलावा इंटरनेशनल शायर जनाब कारी फैसल अलीमी साहब (साउथ अफ्रीका) से तशरीफ लारहे हैं और हिंदुस्तान के मशहूर व मारूफ शोअरा भी शिरकत करेंगे मीटिंग में युवा नेता शकील सिद्दीकी जी भी मौजूद रहे ।

# बसपा के तत्वाधान में एक दिवसीय बैठक ओसा में सम्पन्न

## बूथ व सेक्टर कमेटी स्तर पर गांव गांव पार्टी को करे मजबूत-राजू गौतम




लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी । बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में ओसा में स्थित जिला पार्टी कार्यालय में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक का आयोजन गुरुवार को किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य जॉन ईंचार्ज प्रयागराज मंडल राजू गौतम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया की बसपा सुप्रीमो मायावती के दिशा निर्देश पर बसपा पार्टी गांव चलो अभियान के तहत पार्टी को सेक्टर कमेटी,बूथ कमेटी को मजबूत करने में एवम सक्रिय सदस्यता चलाने के हेतु बैठक किया गया है । राजू गौतम ने पार्टी कार्यकर्ताओं को गांव गांव जाकर बसपा की नीतियों व बसपा शासन काल में पूर्व मुख्यमंत्री मायावती द्वारा कराए गए विकास कार्यों को गिनाए एवं पार्टी को बूथ व सेक्टर कमेटी स्टार पर मजबूत करे । कार्यक्रम में बसपा जिलाध्यक्ष के एल गौतम ने कहा की कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते है । कार्यक्रम में मौजूद अन्य लोगो ने भी संगठन की मजबूती के लिए अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मंडल जोन इंचार्ज रमेश गौतम , दशरथ लाल सरोज , सिंधी लाल निर्मल , महेश गौतम , महेश चौधरी , गुलाम समदानी , एकलाक कुरैशी , देवरी सरोज , राम नरेश गौतम , यशलोक कुमार गौतम , कंचन लाल गौतम , अरुण जयसवाल , विनोद कुमार गौतम , रजनीश , रत्नाकर , अमित कुमार , गौरव , नन्हे पासी , लवलीन राव अंबेडकर सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दबंग पर भूमिधरी जमीन पर गोमती रख कब्जा करने का आरोप



लोकमित्र ब्यूरो

कल्यानपुर, कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के चकिया खोरांव में भूमिधरी जमीन पर दबंग गोमती रखकर कब्जा करने का प्रयास कर रहा था, पीड़ित की शिकायत पर एस डी एम सिराथू ने उसे खाली कराने को निर्देशित किया जिस पर कोखराज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे एक दिन में जमीन खाली करने का अल्टीमेटम दिया है । चकिया खोराव गांव के संगमलाल पुत्र पराग ने बताया की उसके गांव का ही एक दबंग उसकी भूमिधरी जमीन पर अपनी गोमती रखकर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहा है और गोमती नहीं हटा रहा था जिस पर उसने इसे हटाने के लिए एस डी एम सिराथू से फरियाद लगाई है।

# चरवा नगर पंचायत में भाकिमसंयू ने किया प्रदर्शन

## दस सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार दीक्षा पांडेय को सौंपा



लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय की अध्यक्षता में किसानों की समस्याओं को लेकर चरवा नगर पंचायत का घेराव कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद किसानों ने एसडीएम को सम्बोधित दस सूत्रीय मांगों का ज्ञापन नायब तहसीलदार दीक्षा पांडेय को सौंपा।भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर नगर पंचायत चरवा परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि नगर पंचायत इलाके में अभी तक कोई भी नया कार्य नहीं हुआ है। पुराने ईंटों को उखाड़कर उसे ही बिछा दिया गया है। राशन कार्ड ऑनलाइन कराने के बाद भी नया नहीं बन रहा है। इससे किसानों को काफी समस्या से जूझना पड़ता है। पहाड़पुर गांव में राधेश्याम पटेल के घर से रामहरक पटेल के घर तक आज तक रास्ता नहीं बन सका है। अम्बेडकर नगर में अभी तक खडंजा नहीं बिछाया गया है।

लोगों को पीने के पानी के लिए काफी समस्या उठानी पड़ती है। नगर पंचायत में अभी तक कान्हा गौशाले का निर्माण नहीं कराया गया है। पहाड़पुर गांव में युवाओं के लिए जिम की व्यवस्था नहीं है। बाबा तारा गांव में आजादी के बाद से अब तक ग्रामीणों को बिजली नसीब नहीं हुई है। भारत सरकार की घर-घर बिजली योजना के अंतर्गत भी आज तक बिजली नहीं पहुंचाई गई। गांव के लोग आज भी ढिबरी के सहारे रहने को मजबूर हैं।

चंदई तारा से बबुरा मोड़ तक सड़क के किनारे बिजली न होने के कारण अंधेरा छाया रहता है। एसडीएम को सम्बोधित दस सूत्रीय मांगों का ज्ञापन लेने के लिए मौके पर पहुंची नायब तहसीलदार दीक्षा पांडेय को किसानों ने सौंपा। इस मौके पर महिला जिलाध्यक्ष प्रिया त्रिपाठी, राम सिंह पटेल, गोविंद नारायण मिश्रा, सोनू राजपूत, दिल कुमार, मनीष मिश्रा, मिथिलेश कुमार, नंदलाल, रिंकू त्रिपाठी, विनय कुमार मिश्रा, त्रिभुवन प्रसाद, सुखलाल पटेल, यशवंत सिंह, मुन्ना लाल गौतम, राकेश पटेल, सोनू कुमार और कामता प्रसाद आदि किसान मौजूद रहे।

# दबंगों ने मामूली विवाद में दम्पति को पीटकर नगदी छीना

चरवा, कौशाम्बी।चरवा कोतवाली क्षेत्र के चिल्ला शहबाजी गांव में गुरुवार की सुबह दबंगों ने मामूली विवाद में दम्पति को पीटकर नगदी छीन लिया।पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफमामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।चिल्ला शहबाजी गांव निवासी रमेश कुमार पुत्र रिघई किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता है।रमेश के अनुसार गुरुवार की सुबह वह मंडी से मटर बेचकर घर लौट रहा था।इसी दौरान गांव का एक ट्रैक्टर चालक उसे मिला और खेत की जोताई का बकाया पैसा मांगने लगा।दो दिन बाद पैसा देने की बात कहने पर वह आगबबूला हो गया।थोड़ी देर बाद उसके दो साथी हाथों में लाठी-डंडा लेकर वहां पहुंचे और उसके साथ गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर उन लोगों ने उसको पीटना शुरू कर दिया।साथ ही जेब में रखा 65 सौ रुपया छीन लिया।

# समर्थ किसान पार्टी ने समस्यायों को लेकर तहसील का किया घेराव

## नायब तहसीलदार को सौंपा मांगों का ज्ञापन



लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी ने गुरुवार को जिलाध्यक्ष की अगुवाई में तहसील का घेराव कर प्रदर्शन किया और किसानो की समस्याओं को लेकर छः सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार सुरेंद्र सिंह को सौंपा गया। इस अवसर पर तमाम पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।गुरुवार को समर्थ किसान पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं ने तहसील में एक बैठक की।बैठक को संबोधित करते हुए किसान नेता अजय सोनी ने कहा कि वर्तमान समय में किसान परेशान है। उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सिंचाई विभाग द्वारा नहरों की सफाई में की गई खानापूर्ति के चलते कई जगहों पर नहरों की पटरियों के कटने से किसानो के खेतों में पानी भर गया है जिससे किसानों का भारी नुकसान हुआ है। किसानों के नुकसान का मुआवजा दिया जाये। साथ ही आवारा पशुओं से किसानो की फसलों को हो रहे नुकसान पर आक्रोश जाहिर करते हुए अधिकारियों से किसानो की फसलों को आवारा पशुओं से बचाने की मांग की। पार्टी कार्यकर्ताओं ने साथ ही नायब तहसीलदार को छः सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में क्षेत्र की सभी नहरों में टेल तक जलापूर्ति करने, किसानो को जलभराव से हुए नुकसान का मुआवजा देने, आवारा पशुओं से किसानो की फसलों को बचाने, समितियों से किसानो को उर्वरक की आपूर्ति करने, नकली उर्वरक बेचने वालों पर कार्यवाही करने, क्षेत्र के बिगड़े राजकीय नलकूपों को बनवाने जैसी मांगे शामिल थीं। इस अवसर पर प्रेमचंद्र केसरवानी, मनोज सोनी, सुरजीत वर्मा, परिहार सिंह लोधी, वसीम अहमद, छोटू सोनकर, शफीक अहमद और अशोक सोनी आदि मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक ने जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी के लिए मांगा समर्थन




लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू । इलाहाबाद झांसी शिक्षक एम एल सी प्रत्याशी के समर्थन में विभिन्न दलों के नेता जनसंपर्क कर समर्थन की अपील कर रहे है । गुरुवार को पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल ने भाजपाइयों ने साथ सिराथू व देवीगंज कस्बे में जनसंपर्क किया जहां उन्होंने सिराथू कस्बे में स्थित उदय श्याम इंटर कालेज में जनसंपर्क कर शिक्षक बंधुओ से अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करते हुए सरकार की योजनाओं को बताते हुए पार्टी प्रत्याशी बाबूलाल तिवारी के समर्थन में सहयोग मांगा । इस दौरान पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल ने भाजपा की नीतियों को बताते हुए बाबूलाल को समर्थन व सहयोग की अपील की । इस मौके पर पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल के साथ रमेश केसरवानी , उमेश केसरवानी सहित विद्यालय स्टॉफमौजूद रहा।

# 23 जनवरी से 30 जनवरी तक होगा ख्वाजा कड़क का उर्स 26 जनवरी को उठेगा उर्स का गागर

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील के कड़ा में लगने वाला ख्वाजा कड़क अब्दाल का 728 वा उर्स 23 जनवरी से शुरू होकर 30 जनवरी तक चलेगा । उर्स की गागर 26 जनवरी को उठेगी । मेला कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने ख्वाजा कड़क अब्दाल का 728 वा उर्स मनाये जाने का निर्णय लिया है । उक्त आशय की जानकारी दरगाह के मुतवल्ली वली अशरफ व उसहाक अहमद उर्फ डॉ नावीं ने दी।

# भगवान कृष्ण और रुक्मिणी का विवाह धूमधाम से हुआ सम्पन्न



लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। तहसील क्षेत्र के पहाड़ पुर सुधवर गाँव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में गुरुवार को कृष्ण और रुक्मिणी के विवाह का वर्णन बहुत ही भावपूर्ण दर्शाया गया जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो गये और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पांडाल गूंज उठा रुक्मिणी विदर्भ के राजा भीष्मक की पुत्री थी। रुकमणी अपनी बुद्धिमत्ता सौंदर्य और न्याय प्रिय व्यवहार के लिए प्रसिद्ध थी। रुकमणी जी का पूरा बचपन श्रीकृष्ण के साहस और वीरता की कहानियां सुनते बीता था जब विवाह की उम्र हुई तो इनके लिए कई रिश्ते आए लेकिन इन्होंने शादी से मना कर दिया इनके विवाह को लेकर माता-पिता भाई रुक्मी चिंतित रहा करते थे। एक बार एक पुरोहित द्वारिका भ्रमण करते हुए विदर्भ आए। उन्होंने कृष्ण के रूप गुण और व्यवहार का अद्भुत वर्णन किया। पुरोहित जी अपने साथ कृष्ण जी की तस्वीर भी लाए थे। देवी रुक्मणी जब कृष्ण की तस्वीर देखा तो वह भावविभोर हो गई और मन ही मन कृष्ण को अपना पति मान लिया लेकिन इनके विवाह में एक बड़ी कठिनाई थी कि इनके पिता और भाइयों का संबंध जरासंध, कंस और शिशुपाल से था। इसी से कृष्ण और रुक्मणी का विवाह नहीं कराना चाहते थे। राजनीतिक संबंधों के कारण इस को ध्यान में रखते हुए जब रुक्मणी का विवाह शिशुपाल से तय कर दिया गया तब रुक्मणी ने एक ब्राह्मण कन्या से एक प्रेमपत्र कृष्ण को भिजवाया। जब कृष्ण को प्रेमपत्र मिला तो कृष्ण ने समझा कि रुक्मिणी किसी संकट में है।श्रीकृष्ण ने अपने भाई बलराम के साथ मिलकर एक योजना बनाई और जब शिशुपाल बारात लेकर विदर्भ नरेश के दरवाजे पर पहुंचे उसी समय कृष्ण ने रुक्मिणी का अपहरण कर ले गये और द्वारिका पहुँच कर रुक्मिणी और कृष्ण का विवाह हुआ। कथा वाचक पंडित बृजेशआनन्द जी बड़ी मधुर व शरल भाषा में कथा जनता जनार्दन को सुनाई। इस कथा का आनन्द लेने के लि तमाम क्षेत्रीय जनता उमड़ रही है।

# एनपीएस जबरन थोपा गया तो होगा आंदोलन- कमरुद्दीन

## पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने एनपीएस को लेकर किया धरना प्रदर्शन सैकड़ों

**बलरामपुर ।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई ने नई पेंशन स्कीम को जबरदस्ती ठोकने पर बेसिक शिक्षा कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर जिला वित्त एवं लेखा अधिकारी को मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन सौंपा है। शिक्षकों ने न्यू पेंशन स्कीम को ना अपनाने पर वेतन रोकने के कार्यवाही पर सख्त विरोध जताया है संघ जिला अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी की अगुवाई में बेसिक शिक्षा कार्यालय कैंपस में एनपीएस को लेकर शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन किया है धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि एनपीएस को स्वीकार करने का दबाव विभाग द्वारा बनाया जाना गलत है नवीन पेंशन योजना स्वैच्छिक है जिस शिक्षक को इस योजना को लेना हो वह ले अन्यथा दबाव ना बनाया जाए उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं वित्त लेखाधिकारी से कहा है कि किसी भी शिक्षक का एनपीएस ना लेने के कारण वेतन रोका जाए अन्यथा संगठन अनुव्रत धरना प्रदर्शन करने को विवश होगा संघ सचिव बृजेश चौधरी ने कहा कि पुरानी पेंशन शिक्षकों का अधिकार है न्यू पेंशन स्कीम बाजार आधारित पेंशन है जिसमें शिक्षक अधिकारी कर्मचारी का भविष्य सुरक्षित नहीं है कोषाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि शिक्षक एकजुट हो एनपीएस का विरोध करें धरना प्रदर्शन को संबोधित करने वाले संघ पदाधिकारियों में मंडलीय महामंत्री अरुण कुमार यादव प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष ज्ञान सागर पाठक अनुराग रस्तोगी कैलाशनाथ पंकज विकास पंकज लाल प्रताप सिंह दिनेश सिंह दुर्गेश वर्मा अमित गुप्ता प्रमोद यादव कमलेश कुमार जसवंत शुक्ला रविंद्र पांडे विकास यादव सोफिया बीरबल यादव वेद प्रकाश पांडे आलोक मणि पांडे आदि



शिक्षक नेताओं ने संबोधित किया है इस दौरान एक सैकड़ा शिक्षक मौजूद रहे हैं धरना प्रदर्शन के बाद शिक्षकों ने मुख्यमंत्री संबोधित जिला वित्त एवं लेखा अधिकारी श्रवण कुमार सिंह एवं जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता निरंकार पांडे को ज्ञापन सौंपा है।

# दबंग महिला के आतंक से बचाने की गुहार

**सुल्तानपुर।** पड़ोसी महिला के आतंक से आजिज आकर पीड़ित ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। दिए गए पत्र के अनुसार पीड़ित अनुज कुमार गुप्ता सुत पन्नालाल गुप्ता निवासी ग्राम-उघडपुर पोस्ट-बंधुआकला थाना- धम्मौर जनपद सुलतानपुर ने पड़ोसी दीपा तिवारी पत्नी इन्द्रदेव तिवारी पर आरोप लगाया है कि उक्त महिला ने उसके घर की दीवार गिरा कर दरवाजा खोल लिया और उसके सोते हुए पिता को जिंदा जलाने के लिए अपने परिवारीजनों को उकसाया और घर छोड़ कर भाग जाने को कहा। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि धंमौर थाने में इन लोगो के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उचित कार्यवाही की मांग की है।

# दक्षिण कोरिया से आया आठ खिलाड़ियों का ब्लैक बेल्ट प्रमाण पत्र




**सुल्तानपुर।** ताइक्वांडो में ब्लैक बेल्ट का प्रमाण पत्र डीएम से पाने के बाद खिलाड़ी चहक उठे। नन्हे-मुन्ने खिलाड़ियों ने हौसले की उड़ान भरते हुए कहा कि हम भी बड़े होकर डीएम बनेंगे। सुल्तानपुर की झोली में ताइक्वांडो खेलकर गोल्ड मेडल ले आएंगे। यही हमारी हसरत है। पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में रियाज और लंबे प्रयास के बाद आठ खिलाड़ियों को ब्लैक बेल्ट हासिल हुआ है। जिलाधिकारी कार्यालय पर यह सभी खिलाड़ी पहुंचे। जहां पर डीएम ने प्रमाण पत्र देते हुए इन सभी का सम्मान बढ़ाया। कोच प्रणय चंद्र शुक्ला ने बताया कि यह सभी खिलाड़ी लंबे प्रयास के बाद सफलता हासिल करने में कामयाबी पाए हुए हैं। दक्षिण कोरिया से ब्लैक बेल्ट का प्रमाण पत्र आ गया है। जो इन्हें जिलाधिकारी की तरफ से वितरित किया गया है। इसी के साथ में ब्लैक बेल्ट भी उपलब्ध कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। बड़े होकर इन सभी बच्चों ने देश सेवा के क्षेत्र में हाथ बढ़ाने का वादा किया है। ब्लैक बेल्ट पाने वाले बच्चों में उत्सव पांडे, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी स्नातक प्रथम वर्ष तुलापुर जिला अयोध्या, सिमोन शुक्ला राष्ट्रीय खिलाड़ी सिरवाड़ा रोड, अंजलि तिवारी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गभड़िया, अनन्या रिबेलो तिकोनिया पार्क, शाश्वत शुक्ला सिरवारा रोड,स्वास्तिक उपाध्याय राहुल चौराहा, सुभिक्षा उपाध्याय पीडब्ल्यूडी, रुद्रांशी तिवारी पुलिस लाइन, कशिश हमीद खान प्यारेपट्टी रोड शामिल रहे हैं। जिलाधिकारी से प्रमाण पत्र पाने के बाद इन सभी बच्चों में गजब का उत्साह देखा गया।

# डेढ़ साल की मासूम को भेड़िया ने किया घायल, मौत

**सुलतानपुर।** बल्दीराय के चकमूसी गांव के बाहर बाग में घुमंतू परिवार त्रिपाल लगाकर रह रहा था। जहां देर रात डेढ़ साल की एक मासूम को भेड़िया उठा ले गया। सुबह उसका शरीर मृत अवस्था में पाया गया। शरीर पर गहरे जख्म के निशान मिले हैं। जानकारी के अनुसार अम्बेडकर नगर के महरूआ थाना अंतर्गत लौटन सेमरी गांव निवासी संदीप कुमार बुधवार शाम बल्दीराय के चकमूसी गांव पहुंचा। जहां बाहर बाग में पन्नी से त्रिपाल डाला और जमीन पर पुआल डालकर सभी रहने लगे। रात में भोजन के बाद सभी सो गए। बताया जा रहा है कि रात में जब संदीप की नींद टूटी तो उसकी बच्ची प्रीती ( 18 माह ) वहां नहीं थी। संदीप ने बच्ची की तलाश शुरू किया, बेटी के नहीं मिलने पर उसने गुहार मचाया। इस पर गांव के लोग जमा हुए और खोजबीन किया तो बाग में ही थोड़ी दूर पर बच्ची प्रीती पड़ी मिली। उसे भेड़िया खा रहा था। ग्रामीणों को



आते देख भेड़िया भाग गया। इसके बाद परिवार वाले शव को उठा लाए। सुबह ही अंतिम संस्कार कर दिया। उधर घटना के बाद मासूम की मां का रो रो कर बुरा हाल है। संदीप ने बताया कि हम लोग गांव के आसपास इसी तरह से अस्थाई रूप से रहते हैं। गांवों में घूम-घूम कर महिलाएं भीख मागती हैं और हम लोग कान की सफाई और जंगलों से जड़ी बूटी लाकर उसे बेचते और जीवन यापन करते हैं। उधर गांव निवासी गांव के नौशाद अहमद ने बताया कि रात जब हमने टॉर्च मारा तो उसकी रोशनी में देखा कि भेड़िया भाग रहा था। इस बाबत वन दरोगा कमलेश बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिली थी। लेकिन जब तक वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचती तब तक मृतक के परिजन अन्तिम संस्कर कर चुके थे।

# 6- तकनीकी प्रशिक्षण लेकर लौटे किसानों ने खेती कर कमाया बढिया मुनाफा

**सुल्तानपुर।** धरती उगले सोना वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे है किसान- राष्ट्रीय कृषि और ग्रमीण विकास बैंक ( नाबार्ड) के सौजन्य से ओंकार सेवा संस्थान द्वारा सुल्तानपुर जनपद के 25 किसानो को 13 से 16 सितम्बर 2022 तक वाराणसी स्थित भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान तथा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय मे तीन दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण के लिए गये थे। उपरोक्त किसानो ने वहाँ से प्राप्त ज्ञान का प्रयोग अपने खेतो मे करके बढिया मुनाफा प्राप्त कर रहे है और क्षेत्र के अन्य किसान भी प्रेरित हो रहे है। उपरोक्त किसानो का क्षमता मूल्यांकन करने के लिये नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अभिनव द्विवेदी ने आज धनपत गंज के राम मणि शुक्ल, रविन्द्र यादव तथा बल्दीराय के चंद्र शेखर उपाध्याय, चंद्र नाथ पांडेय की फसल का अवलोकन किया। चंद्र शेखर उपाध्याय ने एक ही समय पर भारतीय



सब्जी अनुसंधान की मटर काशी उदय और दूसरी प्राइवेट कंपनी की मटर बोई। दोनो के परिणाम आश्चर्यजनक है प्राइवेट कम्पनो वाली मटर मे अभी फूल आ रहा है जबकि भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाली काशी उदय मे फलत बहुत बढिया है तथा बहुत अधिक संख्या मे फल लगे है। इसी तरह चंद्र नाथ पांडेय केले की खेती से लाखों रुपया कमा रहे है जबकि राम मणि शुक्ला तथा रविन्द्र यादव टमाटर मटर तथा सब्जी के खेती से बढिया मुनाफा प्राप्त कर रहे है। उपरोक्त किसानो ने उपरोक्त भ्रमण के लिये डीडीएम नाबार्ड अभिनव द्विवेदो के आभार व्यक्त किया।

# 12 वें दिन लापता कर्मचारी का मिला शव

**सुल्तानपुर।** विदेश कमाने गये बेटे को पिता के लापता होने की सूचना मिली। जैसे तैसे वो वहां से घर आया और पिता की तलाश किया। अंत में 12वें दिन उसकी मेहनत रंग लगाई। पिता का शव घटना स्थल से थोड़ी दूर पर पाया गया।

बता दें कि जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के महमूदपुर गांव निवासी रामकृपाल कोरी (55) अमेठी के जगदीशपुर पॉलिटेक्निक में चतुर्थ कर्मचारी के रूप में तैनात थे। बीते रविवार को वह कोतवाली क्षेत्र के बगिया चौराहे से साइकिल से सामान खरीदकर घर वापस लौट रहे थे। इसके बाद वह लापता हो गए। उनकी साइकिल जयसिंहपुर-इटकौली मार्ग के किनारे शारदा सहायक खंड-16 नहर की पटरी पर पड़ी हुई मिली थी। जिस पर थैला लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहले गोताखोर फिर लगातार दो-तीन दिनों तक एसडीआरएफ की टीम की मदद ली। सर्च ऑपरेशन जारी रखा लेकिन टीम असफल रही। हालांकि परिजन व ग्रामीण रात-दिन तलाश में नहर की पटरी व पानी में खोजबीन करते रहे। लेकिन लापता व्यक्ति का पता नहीं चल सका। उधर रामकृपाल का छोटा बेटा रोजी-रोटी के चक्कर मे सऊदी अरब कमाने गया हुआ था। पिता के गायब होने की जानकारी पर विनय विदेश से घर वापस चला आया। वो लगातार ग्रामीणों की मदद से लापता पिता की तलाश में रात-दिन एक किए रहा। आखिरकार 12 वे दिन शव शारदा सहायक खण्ड-16 नहर से कुछ दूरी पर झाड़ियों में फंसा हुआ मिला। पुलिस ने शव को नहर के पानी से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सेल्फी लेना है तो परियोजना दे स्पेशल एजुकेटर को एंड्रॉयड फोन

- दोनों टाइम सेल्फी देने के विरोध में उतरे स्पेशल एजुकेटर
- बिना मानदेय के जुलाई से काम करने को मजबूर स्पेशल एजुकेटर
- समस्या को लेकर वित्त एवं लेखा अधिकारी को ज्ञापन देकर त्वरित निस्तारण की माग

**बलरामपुर ।** बेसिक शिक्षा विभाग में दिव्यांग बच्चों के लिए कार्यरत स्पेशल एजुकेटर में समस्याओं को लेकर बीएसए कार्यालय का घेराव किया है सभी स्पेशल एजुकेटर में अल्प मानदेय में दोनों टाइम सेल्फी लेने का विरोध




करते हुए समस्याओं पर वित्त एवं लेखा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है । स्पेशल एजुकेटर प्रतिनिधिमंडल दीनबंधु पांडे एवं राकेश सिंह की अगुवाई में बेसिक शिक्षा कार्यालय का घेराव किया है शिक्षकों का आरोप है कि अल्प मानदेय में समग्र शिक्षा परियोजना से दोनों टाइम सेल्फी मांगा जा रहा है सेल्फी देने के लिए सभी शिक्षकों के पास एंड्राइड मोबाइल नहीं है ऐसे में सेल्फी ना देने पर शिक्षकों का मानदेय रोकने की धमकी दी जा रही है प्रतिनिधि मंडल ने जिला वित्त एवं लेखाधिकारी को अवगत कराया है कि जिले में 23 स्पेशल एजुकेटर तैनात है इन सभी का जुलाई महीने में ही नवीनीकरण हो जाना चाहिए था लेकिन दिसंबर महीने तक नवीनीकरण 22 लोगों का हुआ है अभी भी एक स्पेशल एजुकेटर का नवीनीकरण नहीं हुआ है जिसके कारण लंबे समय तक शिक्षकों का मानदेय अवरुद्ध रहा है भाई स्पेशल एजुकेटर में 16 को नवंबर महीने में 5 महीने बाद मानदेय मिला है वही 6 लोगों को जुलाई महीने से अभी तक मानदेय न मिलने से जिनका प्रभावित हो रही है बिना मानदेय के काम करना शिक्षकों को भारी पड़ रहा है प्रतिनिधि मंडल ने जिला वित्त एवं लेखा अधिकारी श्रवण कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का त्वरित समाधान की मांग की है वित्त एवं लेखा अधिकारी ने सभी स्पेशल एजुकेटर को आश्वासन दिया है कि प्राथमिकता के आधार पर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा इस दौरान राकेश सिंह नीलम गुप्ता कमलेश प्रताप सिंह मीरा सिंह सुमन त्रिपाठी किस्मत आ मौर्य विनोद कुमार कुसुम पांडे मालती आर्य प्रतिमा सिंह आदि स्पेशल एजुकेटर शामिल रहे हैं।

# राजनैतिक प्रतिनिधित्व के सम्बन्ध में विचार विमर्श एवं सुझाव प्राप्ति कार्यक्रम का होगा आयोजन

**सुल्तानपुर।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा अवगत कराया गया कि मा0 उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के द्वारा सर्वसाधारण के साथ पिछड़े वर्ग के राजनैतिक प्रतिनिधित्व के सम्बन्ध में विचार विमर्श एवं सुझाव प्राप्ति का कार्यक्रम 20 जनवरी, 2023 को मध्यान्ह 12 बजे से 01 तक कलेक्ट्रेट सभागार सुलतानपुर में किया जायेगा। उपरोक्त विषय पर अपने विचार/सुझाव मा0 आयोग के समक्ष इच्छुक कोई भी व्यक्ति उपरोक्त समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है।

# गंभीर गले की बीमारी से जूझ रहे मरीज़ का किया सफल आपरेशन

**सुलतानपुर।** धरती के भगवान कहे जाने वाले डाक्टर की परिभाषा को परिभाषित कैसे की जाती है, इसे देखना है तो जिला अस्पताल आएं और नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ.आदित्य तिवारी से मिलकर ईलाज करवाकर पता करिये। बताते चले कि सरकारी अस्पताल में यूं तो कई नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ आए और चले गये, लेकिन आपरेशन के नाम पर सन्नाटा ही रहा। इस बीच डॉ.आदित्य तिवारी भी अस्पताल में रहें बावजूद इसके जिला अस्पताल में नाक,कान,गला का आपरेशन ही हो रहा था।इसी बीच डॉ.आदित्य तिवारी (एम्स दिल्ली)चले गए लंबे समय तक एम्स में सेवाएं देने के पश्चात पुनः जिला चिकित्सालय में सेवाएं शुरू की और उनके ऊपर सबसे बडी चुनौती अस्पताल में मरीजो के लिए सर्जरी शुरू करना। इस समस्या का हल मुख्य चिकित्साधिक्षक डॉ.एससी कौशल और डॉ.आदित्य तिवारी के द्वारा गहन मंत्रणा के बाद आखिर में हल निकल ही आया। जिसकी शुरूआत बीते वर्ष दिसम्बर से हुई, अस्पताल की न्यू इमरजेंसी की ओटी में नाक, कान और गले रोग से ग्रसित मरीज प्रत्येक बुद्धवार को डॉ.आदित्य नारायन तिवारी द्वारा सर्जरी



की जा रही है। अबतक दर्जनों मरीजो का सफल आपरेशन अंजाम देने वाले डॉ.तिवारी का कहना है कि अस्पताल के मुखिया डॉ.एससी कौशल का मार्गदर्शन और साथी डाक्टर व स्टाफ के सहयोग से मरीजो के लिए कुछ बेहतर करने का प्रयास है,आगे भी कोशिश रहेगी कि कुछ बेहतर करता रहूं। सूत्रों की माने तो सीएमएस डॉ.कौशल और ईएनटी सर्जन डॉ.तिवारी का प्रयास रहता है की मरीज़ सीधे आए,अपनी बीमारी को छिपाएं नही,उनका उपचार किया जाएगा। किसी प्रकार की शिफारिश की आवश्यकता नही है। बीते बुद्वार को डॉ.आदित्य नारायन के द्वारा आपरेशन में एक गले के रोग से ग्रसित मरीज का आफरेशन किया गया,जो पूरी तरह सफल रहा,डॉ.तिवारी के हुनर से मरीज के परिजनों में खुशी का ठिकाना ना रहा,परिजनों ने डाक्टर तिवारी को आपरेशन की कामयाबी पर दुवाएं दी।

# हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से ई-रिक्शा चालक की मौत

**सुलतानपुर ।** जयसिंहपुर में गुरुवार को घर से कमाने निकले युवक की कुछ देर बाद मौत की खबर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। ई-रिक्शा पर लोहे की पाइप लादते समय हाई वॉल्टेज करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजा है।घटना कोतवाली क्षेत्र के मुईली चौराहे की है। कारेबन गांव निवासी ई-रिक्शा चालक नीरज गौतम (27) पुत्र गंगाराम गुरुवार सुबह करीब 10-20 पर मुइली चौराहे पर ई-रिक्शा पर हार्डवेयर की दुकान से लोहे की पाइप लाद रहा था।



तभी लोहे की पाइप ऊपर से गुजर रहे हाई वॉल्टेज तार से जा टकराई। करंट की चपेट में आकर युवक नीरज गंभीर रूप से झुलस गया।स्थानीय लोगो ने एंबुलेंस की मदद से ई-रिक्शा चालक को नजदीक के अस्पताल पर पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। परिजन ने इस घटना की सूचना जयसिंहपुर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संदर्भ में जयसिंहपुर कोतवाली प्रेमचंद सिंह ने बताया कि परिजन की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया जा रहा है।

# पत्रकार उत्पीडन एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ सत्याग्रह आन्दोलन का 529वाँ दिन

**नालासोपारा ।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में पत्रकार उत्पीडन, भ्रष्टाचार, जनसुनवाई पोर्टल पर फर्जी निस्तारण, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण घोटाला एवं सिरकोनी बाजार (इजरी) की भीषण डकैती काण्ड के अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही को लेकर चल रहे सत्याग्रह आन्दोलन के 529वें दिन महाराष्ट्र के नालासोपारा (ईस्ट) प्रगति नगर के एस.एम.मल्टी स्पेशियलिटी हास्पिटल के



सामने %सत्याग्रह आन्दोलन% किया गया। सत्याग्रह आन्दोलनकारी यशवन्त कुमार गुप्त ने बताया कि यह आन्दोलन जाँच के मुख्य बिन्दुओं पर कायम रहते हुए समस्या के निस्तारण तक जारी रहेगा। 9 अगस्त 2021 से यह आन्दोलन चलाया जा रहा है। आन्दोलन के समर्थन में उमेश गुप्ता, सुधीर कुमार, शनि प्रताप, दिलीप कुमार सिंह, मैन बहादुर गुप्ता, प्रवेश गुप्ता, बलवन्त गुप्ता, राजेन्द्र प्रसाद, बसन्त कुमार, रामजनम गुप्ता, गुलाब चन्द्र, हर्ष, अंश व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# आयुर्वेद चिकित्सकों की मुख्यमंत्री से भर्ती की मांग

**मेड़ता –** देश और राज्य में जनमानस का आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की ओर रुझान बढ रहा है जैसे जैसे लोगों को आयुर्वेद के महत्व और एलोपैथी के दुष्प्रभाव की जानकारी मिल रही है वैसे वैसे ही पारम्परिक और पुरातन चिकित्सा विधा आयुर्वेद की तरफ रोगी अपनी रुचि दिखा रहे हैं

लेकिन राज्य में शासकीय तौर पर आयुर्वेद की सुविधा ऊंट के मुह में जीरे के समान उपलब्ध है सामाजिक सरोकार से जुड़े समाज सेवी और पेशे से आयुर्वेद चिकित्सक हिमान्शु उपाध्याय आयुर्वेदाचार्य ने मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार से पत्र लिखकर जनहित व बेरोजगार युवा आयुर्वेद चिकित्सकों के हित में राज्य में आयुर्वेद चिकित्सकों के रिक्त पद अविलम्ब भरने की मांग की उपाध्याय ने बताया कि राज्य के हर जिले तहसील में आयुर्वेद चिकित्सकों के पद लम्बे अन्तराल से रिक्त हैं आयुर्वेद में रुचि रखने वाले मरीजों को मजबूरन एलोपैथी की ओर रुख करना पड़ता है राज्य सरकार जिस प्रकार ऐलोपैथिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देकर जनता को मुफ्त चिकित्सा उपलब्ध करवा रही है

# भारत दुनिया का 5वीं सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था वाला देश - राज्यसभा सांसद

**जौनपुर –** उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा आयोजित किये जाने वाले उत्तर प्रदेश ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 मनाये जाने के निर्देश के क्रम में आज जनपद में एक दिवसीय इंवेस्टर्स समिट का आयोजन होटल रिवर व्यू में किया गया। इंवेस्टर्स समिट का शुभारम्भ मा0 राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी, मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण उ0प्र0 गिरीश चन्द्र यादव, मा0 विधायक शाहगंज रमेश सिंह, मा0 विधायक मड़ियाहू डा0 आर0के0 पटेल, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, डीआईजी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी, मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया गया। अध्यापिका श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव के नेतृत्व में गुरैनी जूनियर हाई स्कूल शाहगंज की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, महाराष्ट्रा, गुजरात, जनपद जौनपुर सहित आस पास के जनपदों के उद्यमी उपस्थित रहें। राज्यमंत्री ने जनपद में बड़े पैमाने पर निवेश के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा कि इंवेस्टर्स समिट केन्द्र एवं प्रदेश के साथ ही जनपद के आर्थिक विकास के लिये मील का पत्थर साबित होगा। सरकार के द्वारा इंफास्ट्रक्चर, बिजली, सड़क में बड़े पैमाने पर कार्य किया गया है। जनपद में रिंग रोड बनाये जाने के लिए डीपीआर बन गया है। केंद्रीय विद्यालय को स्थापना जल्द ही हो जाएगी, जिसकी वजह से जनपद में व्यापार करना अनुकूल होगा। उन्होंने सभी निवेशकों को सरकार की तरफ से आश्वस्त कराया कि निवेशको की सभी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद की आबादी वर्तमान समय में लगभग 55 लाख है, निवेश की वजह से जनपदवासियों को बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर एवं जीडीपी में बृद्धि होगी। कार्यक्रम में मा0 राज्यसभा सांसद ने कहा कि निवेशक आपस मे प्रतिस्पर्धा करते हुए अधिक से अधिक निवेश जनपद में करें, जिससे जनपद के लोगो को उनके शहर में ही रोजगार मिलने की वजह से जनपद में लोगो का पलायन रुकेगा, जनपद में आर्थिक समृद्धि आयेगी। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के द्वारा उत्तर प्रदेश को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिये इंवेस्टर्स समिट के द्वारा जो प्रयास किया जा रहा है उसके तहत हमारे जनपद जौनपुर का भी योगदान हो सकता हैं। विधायक मड़ियाहूं द्वारा अपने सम्बोधन कहा गया कि बिना उद्योग के किसी भी क्षेत्र का विकास सम्भव नही हैं। जनपद, प्रदेश व देश के आर्थिक व्यवस्था के लिये उद्योंग को बढ़ावा देना आवश्यक हैं। इसी के दृष्टिगम मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा उत्तर प्रदेश ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का आयोजन करके प्रदेश में उद्यमियों को निवेश करने लिये आमंत्रित किया जा रहा हैं। विधायक शाहगंज ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के द्वारा प्रदेश में कानून व्यवस्था एवं उद्यमियें की सुरक्षा की गारंटी के चलते प्रदेश में बड़े-बड़े उद्यमी निवेश करने के लिये आ रहे है इसके लिए जनपद स्तर पर भी आयोजन किया गया है। जल्द ही जनपद जौनपुर को औद्योगिक जिले के रुप में जाना जायेगा। जनपद में निवेश करने वाले उद्यमियों को जन प्रतिनिधियो के द्वारा व जिला प्रशासन के द्वारा भरपूर मदद किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनपद को उद्योग के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए मेरे द्वारा भी निवेश किया जा रहा है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सभी जनप्रतिनिधियों सहित आये हुये उद्यमियों को आश्वस्त करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का आयोजन करने जा रहा हैं।

# उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के मा.अध्यक्ष एवं सदस्यगणों का अयोध्या मंडल में प्रस्तावित बैठक/भ्रमण कार्यक्रम

**सुल्तानपुर।** सचिव, उ0प्र0 राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग, भूतल, सूडा भवन सेक्टर-7, गोमती नगर विस्तार लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष मा0 न्यायमूर्ति श्री राम औतार सिंह तथा सदस्यगण श्री चोब सिंह वर्मा, श्री महेन्द्र कुमार, श्री बृजेश कुमार श्री सोनी व श्री संतोष कुमार विश्वकर्मा जी का आगमन अयोध्या मंडल में 19.01.2023 को प्रस्तावित है। जिसके क्रम में अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व के सन्दर्भ में अनुभाविक जॉच एवं अध्ययन के साथ निकायवार एवं अनुपातिक आरक्षण के बाबत समकालीन आख्या के लिये यदि किसी व्यक्ति/संस्था/पार्टी को अपना पक्ष प्रस्तुत करना है, तो वह लिखित/मौखिक आकलन आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, जिससे वास्तविक निष्कर्स तक पहुँचा जा सके।

दिनांक 20 जनवरीअध्यक्ष एवं सदस्यों का अयोध्या मंडल के नगर निगम/नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतों के भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनैतिक प्रतिनिधित्व के सम्बन्ध में अनुभवजन्य साक्ष्य एकत्रित किया जाना है। उस हेतु आयोग के द्वारा यह निर्णय किया गया है कि उत्तर प्रदेश के सभी जिलों से नगर निकायों के जनप्रतिनिधि जैसे मेयर/उपमेयर/पूर्व मेयर/पूर्व उप मेयर/नगर पालिका अध्यक्ष/नगर पालिका उपाध्यक्ष/पूर्व न.पा. अध्यक्ष/पूर्व न.पा. उपाध्यक्ष/ नगर पंचायत अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/ पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, सदस्य व कुछ जातीय संगठनों/संस्थाओं/पक्ष व विपक्ष के प्रतिनिधियों का मत राजनैतिक आरक्षण के सम्बन्ध में जाना जाय। अतः समस्त जिलाधिकारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह उपरोक्त सभी व्यक्तियों/संस्थाओं का लिखित अभिमत लेकर आयोग को सात दिन के भीतर दें। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि आयोग के द्वारा मण्डल स्तर पर की जाने वाली सभा गोष्ठी (बैठक) में भी ऐसे व्यक्ति अपना लिखित अभिमत/विचार आयोग को स्व्यं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

# कोठी तालाब के समीप बने पार्क की करें आकर्षक सजावट - डीएम



चित्रकूट: जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में नगर पालिका, नगर पंचायत एवं डूडा के अंतर्गत कराएं जा रहे निर्माण कार्यों एवं स्वच्छ भारत नगरीय 2.0 योजना के अंतर्गत यूज्ड वाटर मैनेजमेंट की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि एमआरएफ सेंटर के निर्माण कार्य को तेज गति से कराया जाए तथा जो भी नगर में विकास कार्य चल रहे हैं उनको शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण समय सीमा के अंदर पूर्ण कराएं। सामुदायिक शौचालय तथा व्यक्तिगत शौचालय में जो धनराशि है, उसमें निर्माण कार्य कराया जाए जो धनराशि मशीनरी क्रय करने के लिए है, उसमें प्रस्ताव बनाकर अनुमोदन कराकर खरीद कराएं। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी से कहा कि सामुदायिक भवन की जो भूमि चिन्हित कि गयी है, उसका प्रस्ताव सीएनडीएस से संपर्क करके बनवाकर शासन को भेजा जाए। इसी प्रकार नगर पंचायत मऊ का भी भेजें तथा अधिशासी अधिकारी राजापुर से कहा कि उपजिलाधिकारी राजापुर से संपर्क करके जमीन चिन्हित कराएं। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कर्वी से कहा कि ट्रैफिक चौराहा के पास जो अतिक्रमण हटाया गया और उसमें सुलभ कांप्लेक्स और बाउंड्री वाल का निर्माण तत्काल शुरू करें। रानीपुर भट्ट के तालाब का जो अतिक्रमण हटाया गया है, उसमें सुंदरीकरण का कार्य कराएं। उपजिलाधिकारी कर्वी से कहा कि मौके पर जाकर तालाब के क्षेत्र की नाप कराई जाए, कोठी तालाब के पास जो पार्क का निर्माण कराया जा रहा है वहां पर अच्छी लाइटिंग व स्वच्छता की पेंटिंग करें तथा जो शहर के पार्क हैं, उनको संबंधित विभाग से नगरपालिका हैंडोवर ले ताकि विकास कार्य कराया जा सके। अधिशासी अधिकारियों से कहा कि पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत जो कार्य कराए जाने हैं, उसके प्रस्ताव शासन को भेज कर स्वीकृत कराए तथा जो विकास कार्य कराए जा रहे हैं, उन्हें तत्काल पूर्ण कराए। अंत्येष्टि स्थल के कार्यों को भी तेजी से कराएं। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी कर्वी न्यायिक, परियोजना निदेशक डूडा से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के जो आवेदन पत्र जांच होकर पात्र पाए गए हैं, उसका डीपीआर बनाकर शासन को भेजा जाए तथा जिन लाभार्थियों के खाते में प्रथम, द्वितीय, तृतीय किस्त जाना है, उसको तत्काल भेजें। पीएम स्वनिधि योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है इसमें जो आवेदन पत्र लंबित है उनका बैंकों से संपर्क करके ऋण उपलब्ध कराएं तथा द्वितीय किस्त भी दिलाई जाए।बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी कर्वी राजबहादुर, उपजिलाधिकारी न्यायिक राम जन्म यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव, मानिकपुर राम आशीष वर्मा, मऊ, राजापुर बी एन कुशवाहा, जिला समन्वयक डूडा संतोष कुमार पटेल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# देवांगना हवाई पट्टी का डीएम ने किया निरीक्षण

चित्रकूट: जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने गुरूवार को देवांगना हवाई पट्टी का औचक निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने एप्रोच रोड के निरीक्षण के दौरान एयरपोर्ट अथॉरिटी एवं राइट्स संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 10 फरवरी तक प्रत्येक दशा में टर्मिनल बिल्डिंग तक जीएसबी डलवा कर सड़क मार्ग में आने जाने का निर्माण कराया जाए। एयरपोर्ट अथॉरिटी व राइट्स संस्था के अधिकारियों ने बताया कि 500 मीटर बाउंड्री वाल का कार्य पूर्ण हो गया है शेष पर तेजी से कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ ही साथ एप्रोच रोड में भी तेजी से कार्य हो रहा है जो समय सीमा के अंदर पूर्ण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि एयरपोर्ट पर जो वोल्टेज की समस्या है, उसको देखकर विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कराएं। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ को निर्देश दिए कि जो एप्रोच रोड का निर्माण हो रहा है, उसके किनारे के लिए तार फेंसिंग व स्ट्रीट लाइटिंग का प्रस्ताव बनाकर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को उपलब्ध कराएं ताकि उक्त प्रस्ताव नागरिक उड्डयन को स्वीकृति के लिए भेजा जा सके।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी कर्वी राजबहादुर, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, विद्युत आर यस वर्मा सहित संबंधित अधिकारी तथा एयरपोर्ट अथॉरिटी एवं राइट्स संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना बहिलपुरवा में लगायी महिला चौपाल

## महिलाओं को किया जागरूक



चित्रकूट: पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की अध्यक्षता में गुरुवार को थाना बहिलपुरवा में महिला चौपाल का आयोजन किया गया। यह पिछड़ा क्षेत्र है एवं यहां शिक्षा का अभाव है यहां पर लोग पुलिस के पास अपनी शिकायत लेकर भी नहीं आते हैं, इसलिए महिलाओं के बीच पहुंचकर महिला चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें थाना क्षेत्र से चिन्हित की गई 100 महिलाएं उपस्थित रहीं। पुलिस अधीक्षक ने महिलाओं को उनके प्रति होने वाले अपराधों के संबंध में जागरूक किया। खासकर घर में होने वाले अपराध अक्सर जिनके विरुद्ध महिलाएं आवाज नहीं उठा पाती हैं। पुलिस अधीक्षक ने आग्रह किया कि घर में होने वाले मारपीट उत्पीड़न एवं अन्याय को न सहें एवं सही समय पर पुलिस को सूचना दें। जिससे समस्या को नियंत्रित किया जा सके । जिससे महिलाओं द्वारा घरेलू समस्याओं एवं दहेज उत्पीड़न की समस्याओं से आहत होकर आत्महत्या करने की समस्या उत्पन्न न हो। छोटे-छोटे बच्चों एवं बच्चियों की सुरक्षा के संबंध में विशेष सावधानी बरतने के लिए बताया, जिससे उनके परिवार वालों एवं अन्य रिश्तेदारों व जान पहचान वालों से लैंगिक शोषण से बचाया जा सके। इस दौरान सभी महिलाओं को पुलिस हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि 1090, 112 से संपर्क कर तत्काल पुलिस को बुलाया जा सकता है तथा इसके बाद भी समाधान नहीं होता है तो पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां पर आपकी समस्याओं का समाधान तत्काल कराया जाएगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने महिलाओं की समस्याओं को सुना। उन्होंने रोजगार की कमी के संबंध में चर्चा की। बच्चों को शिक्षित करने के लिए जागरूक किया तथा बताया कि खासतौर पर बच्चियों को जरूर शिक्षित करें ताकि वह अपने अधिकारों को जाने एवं अपने ऊपर होने हो रहे उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज उठा सकें। यदि घर की महिला जागरूक है तो निश्चित ही वह परिवार सुरक्षित है। चौपाल का उद्देश्य यही है कि आप लोगों से सारी बातें कर सकें, जिससे कि आपके मन में जो भय व्याप्त है वह दूर हो सके और अपनी सुरक्षा के लिए आवाज उठा सके। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। इसके बाद एसपी ने सर्दी के मौसम को देखते हुए समाजसेवी संस्था पायनियर्स क्लब के सहयोग से उपस्थित महिलाओं को कंबल वितरित किए एवं पुलिस अधीक्षक की ओर से महिलाओं को स्वेटर वितरित किए गए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा गुलाब चन्द्र सोनकर, पीआरओ प्रदीप पाल, पायनियर क्लब अध्यक्ष केशव शिवहरे एवं सदस्य डॉ सीताराम गुप्ता, डॉ सीएल सिंह, महेंद्र केषरवानी एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, कौशाम्बी

पताः–विकास भवन मंझनपुर कौशाम्बी।

ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

पत्रांक- 898 / ग्रा0अ0वि0 / ई0 निविदा / 2022–23 दिनांक: 05.01.2023

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड कौशाम्बी के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए.बी.सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। समान कार्य का अनुभव होना अनिवार्य है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:–

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 को छोड़कर (लाख रू0 में) | बिड सिकुरिटि (ई0एम0डी0) (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कौशाम्बी | विकास खण्ड कौशाम्बी के उच्च प्राथमिक विद्यालय मझियारी चक एलेई रोशन का पुनर्निर्माण कार्य | 22.18 | 45000 | 1000 | 4 माह |
| 2 | कौशाम्बी | विकास खण्ड कौशाम्बी के उच्च प्राथमिक विद्यालय कोसम इनाम का पुनर्निर्माण कार्य | 22.18 | 45000 | 1000 | 4 माह |
| 3 | कौशाम्बी | विकास खण्ड मूरतगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेरूआ का पुनर्निर्माण कार्य | 22.18 | 45000 | 1000 | 4 माह |
| 4 | कौशाम्बी | विकास खण्ड मूरतगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय बिरौली का पुनर्निर्माण कार्य | 22.18 | 45000 | 1000 | 4 माह |
| 5 | कौशाम्बी | विकास खण्ड सरसवां के प्राथमिक विद्यालय कटरी का पुनर्निर्माण कार्य | 11.90 | 24000 | 1000 | 4 माह |
| 6 | कौशाम्बी | विकास खण्ड कौशाम्बी के प्राथमिक विद्यालय अर्का महावीरपुर का पुनर्निर्माण कार्य | 11.90 | 24000 | 1000 | 4 माह |
| 7 | कौशाम्बी | विकास खण्ड कौशाम्बी के प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर बड़ागांव का पुनर्निर्माण कार्य | 11.90 | 24000 | 1000 | 4 माह |
| 8 | कौशाम्बी | विकास खण्ड कौशाम्बी के प्राथमिक विद्यालय रक्सवारा प्रथम का पुनर्निर्माण कार्य | 11.90 | 24000 | 1000 | 4 माह |
| 9 | कौशाम्बी | विकास खण्ड चायल के प्राथमिक विद्यालय शेखपुर रसूलपुर का पुनर्निर्माण कार्य | 11.90 | 24000 | 1000 | 4 माह |
| 10 | कौशाम्बी | विकास खण्ड चायल के प्राथमिक विद्यालय जलालपुर शाना का पुनर्निर्माण कार्य | 11.90 | 24000 | 1000 | 4 माह |
| 11 | कौशाम्बी | विकास खण्ड मूरतगंज के प्राथमिक विद्यालय मारूकपुर का पुनर्निर्माण कार्य | 11.90 | 24000 | 1000 | 4 माह |
| 12 | कौशाम्बी | विकास खण्ड मूरतगंज के प्राथमिक विद्यालय सैयद सरांवा का पुनर्निर्माण कार्य | 11.90 | 24000 | 1000 | 4 माह |
| 13 | कौशाम्बी | विकास खण्ड मंझनपुर के प्राथमिक विद्यालय कादिराबाद का पुनर्निर्माण कार्य | 11.90 | 24000 | 1000 | 4 माह |
| 14 | कौशाम्बी | विकास खण्ड मंझनपुर के प्राथमिक विद्यालय शाहपुर टिकरी का पुनर्निर्माण कार्य | 11.90 | 24000 | 1000 | 4 माह |
| 15 | कौशाम्बी | विकास खण्ड मंझनपुर के प्राथमिक विद्यालय अम्बावां पश्चिम का पुनर्निर्माण कार्य | 11.90 | 24000 | 1000 | 4 माह |
| 16 | कौशाम्बी | विकास खण्ड मंझनपुर के प्राथमिक विद्यालय एडहरा का पुनर्निर्माण कार्य | 11.90 | 24000 | 1000 | 4 माह |

2. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि:– 27.01.2023 से 02.02.2023
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि / समयः– 02.02.2023 को सांय 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 03.02.2023 को अपरान्ह 01.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
6. जी0एस0टी0 नियमानुसार अतिरिक्त से देय होगी।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(प्रमोद कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड कौशाम्बी।

www.upgov.nic.in
R.O.No.-184493 Date-18/01/2023



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मानिकपुर जनपद-चित्रकूट

पत्रांक–4283/लेखा/अ0भू0यो0/ई–टेंडर/2022–23 दिनांक 19.01.2023

शुद्धि–पत्र

विकास खण्ड मानिकपुर में अटल भूजल योजना के अन्तर्गत 02 तालाबों में निर्माण कार्य कराये जाने हेतु इस कार्यालय के पत्र संख्या 4258 दिनांक 18.01.2023 के द्वारा ई टैंडर के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसमें लिपिकीय त्रुटि होने के कारण कार्य क्रमांक 02 में कार्य का नाम गलत अंकित हो गया है।

कृपया उक्त प्रकाशित विज्ञापन में कार्य क्रमांक 02 को निम्नवत् पढ़ा जायः–

| क्र0 | ग्राम पंचायत | कार्य का नाम | प्राक्कलित लागत | जमानत धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टिकरिया जमुनिहाई | पुष्करणी अमृत सरोवर तालाब में घाट एवं चबूतरा / कुर्सियां और भीटों पर इंटरलाकिंग खड़ंजा का निर्माण कार्य | 27.72 | 55500 | 1500 |

निविदा की अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

(धनंजय सिंह)
खण्ड विकास अधिकारी
मानिकपुर (चित्रकूट)






माघ मेला 2023 के प्रमुख स्नान पर्वों पर नैनी जं. पर प्रवेश व्यवस्था

| दिशा | प्रवेश द्वार | यात्री आश्रय सं. एवं रंग |
|---|---|---|
| मानिकपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन की ओर | हरा एवं लाल रंग 1 | 1 एवं हरा रंग |
| सतना, जबलपुर स्टेशन की ओर | | 3 एवं लाल रंग |
| आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | 2 सफेद रंग | --- |
| फतेहपुर, कानपुर की ओर | 3 नीला रंग | 4 एवं नीला रंग |
| विन्ध्याचल, मिर्जापुर पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. की ओर | 4 बैगनी रंग | 5 एवं बैगनी रंग |

माघ मेला 2023 के दौरान प्रमुख स्नान पर्वों पर दिशावार मेला स्पेशल ट्रेनों के संचालन हेतु निर्धारित स्टेशन

| दिशा | स्टेशन |
|---|---|
| मेजा रोड, माण्डा रोड, विन्ध्याचल, मिर्जापुर, चुनार एवं पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन आदि स्टेशनों की ओर | प्रयागराज जं. नैनी जं. तथा प्रयागराज छिवकी |
| भरवारी, सिराथू, खागा, फतेहपुर एवं कानपुर आदि स्टेशनों की ओर | प्रयागराज जं. |
| शंकरगढ़, डभौरा, मानिकपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई, सतना आदि स्टेशनों की ओर | प्रयागराज जं., नैनी जं. तथा प्रयागराज छिवकी |
| फूलपुर, जौनपुर, लालगंज, अमेठी, प्रतापगढ़, ऊँचाहार, रायबरेली, लखनऊ, बरेली, सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या आदि स्टेशनों की ओर | प्रयाग एवं फाफामऊ स्टेशन |
| भदोही, ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी, मऊ, बलिया, भटनी गोरखपुर आदि स्टेशनों की ओर | प्रयागराज रामबाग तथा झूंसी स्टेशन |

आवश्यक सूचना: माघ मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु संगम क्षेत्र में त्रिवेणी रोड पर भी आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट काउन्टर खोले गये हैं। जिनसे यात्री टिकट प्राप्त कर सकते हैं।

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी — मास्क नहीं तो टिकट नहीं

105/23 (P)

North central railways | @CPRONCR | @northcentralrailway | cproncrly | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करें गम्भीरतापूर्वक - शंकर गिरी



चित्रकूट: प्रयागराज-झांसी शिक्षक विधान परिषद चुनाव की बैठक जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश मंत्री शंकर गिरी, सांसद आर के पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय उपस्थित रहे। प्रदेश मंत्री शंकर गिरी ने कहा कि एक-एक कार्यकर्ता बाबूलाल तिवारी बनकर चुनाव लड़े। शिक्षकों से संवाद करके भाजपा प्रत्याशी को प्रथम वरीयता का मत दिलाकर विजयी बनाना है। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्र प्रभारी व शिक्षक सम्पर्क प्रभारी अपनी जिम्मेवारी का निर्वाह गम्भीरतापूर्वक करे। शिक्षक भाजपा के प्रत्याशी को विजयी बनाने को तैयार है। जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे ने कहा कि हम सबको शिक्षकों से व्यापक संपर्क करना है। शिक्षको से संवाद स्थापित करके भाजपा की विजय निश्चित करनी है। सांसद आर के पटेल ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार विकास के लिए संकल्पित प्रयास कर रही है। शिक्षक साथी भाजपा प्रत्याशी को प्रथम वरीयता का मत दें।इस मौके पर दिनेश तिवारी, महामंत्री आलोक पाण्डेय, चुनाव जिला संयोजक जगदीश गौतम, बब्बू त्रिपाठी, पूर्व विधायक दिनेश मिश्र, जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश पाण्डेय, महेन्द्र कोटार्य, विपुल सिंह, रणवीर सिंह, अश्विनी अवस्थी, भागवत त्रिपाठी, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, अभिषेक ओझा, संजय पाण्डेय, ब्लॉक प्रमुख गंगाधर मिश्र, अरविंद मिश्र, सुशील द्विवेदी, मनोज पाण्डेय, ओमप्रकाश बाला, मोहनदास मिश्र आदि मौजूद रहे।

# 11 फरवरी को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

चित्रकूट: मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण पीठासीन अधिकारी दिनेश चंद ने मोटर दुर्घटना से संबंधित वादों को संचालित करने वाले अधिवक्ता गण के साथ प्री-ट्रायल की बैठक की। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधीश ने बताया कि आगामी 11 फरवरी को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करने के लिए अधिवक्ता गण को स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के बारे में जानकारी दी गई एवं बताया गया कि लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्ण कालिक सचिव विदुषी मेहा ने लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराने के लिए अधिवक्ता गण से सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर मोटर दुर्घटना के दावों को संचालित करने वाले अधिवक्ता गण राजकिशोर त्रिपाठी, प्रद्युम्न नारायण मिश्र व अन्य अधिवक्ता व वादकारी उपस्थित रहे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादक: कृष्णानन्द त्रिपाठी

# इकलौते बेटे की हुई हत्या नाले में मिली लाश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**घूरपुर (प्रयागराज)।** थाना क्षेत्र के खटंगिया दौना गांव के बीच नाले में गुरुवार सुबह 22 वर्षीय युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक का गला धारदार हथियार से रेता गया था। घटना घूरपुर थाना क्षेत्र के दौना गांव के पास स्थित प्राचीन कैलाश धाम मंदिर के बगल की है। जहां पर सुबह 9ः00 बजे ग्रामीणों के द्वारा शव देखे जाने की सूचना जब पुलिस को दी तो मौके पर पहुंचे घूरपुर थाना प्रभारी अश्वनी कुमार के द्वारा शव की शिनाख्त कराई गई। जिसमें मृतक की पहचान वहां पर मौजूद ग्रामीणों के द्वारा श्वेतांश मिश्रा पुत्र शैलेंद्र मिश्रा निवासी भीटा के रूप में की गई। बेटे का शव पाए जाने की सूचना पर रोते बिलखते मौके पर पहुंचे परिजनों एवं जनता द्वारा हंगामा भी किया गया।वहीं मौके पर पहुंचे रोते बिलखते पिता शैलेश मिश्रा ने बताया कि कल शाम से ही उनका इकलौता बेटा घर पर नहीं पहुंचा। जिसकी तलाश देर रात तक की गई कहीं पता नहीं चला। खोजबीन के दौरान लोगों से जानकारी मिली कि जसरा कस्बे के एक युवक के साथ शाम को श्वेतांश देखा गया था। जिसके बाद आज सुबह उनके बेटे का शव मंदिर के बगल स्थित नाले के पास पाया गया। जिसके गले पर गंभीर चोट के निशान थे।वहां पर मौजूद एक युवक के द्वारा यह भी बताया गया कि श्वेतांश का जिस युवक से विवाद हुआ था वह जसरा कस्बे में स्मैक बेचने का कारोबार किया करता है। जिसको लेकर के दोनों में विवाद हुआ था और उसी के बाद आज सुबह श्वेतांश मिश्रा का शव पाया गया। जबकि मौके पर पहुंचे पुलिस उपायुक्त प्रोटोकॉल दीपक कुमार के द्वारा बताया गया कि पुलिस के द्वारा घटना को लेकर जांच पड़ताल की जा रही है और जल्द ही हत्या के कारणों का पता लगाकर परिजनों के द्वारा बताए गए लोगों की गिरफ्तारी की जाएगी। जबकि परिजनों ने कुछ लोगों से श्वेतांश का शाम को हुए विवाद होने का जिक्र करते हुए उनका उल्लेख किया है। जिस पर पुलिस टीम बनाकर उनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।वहीं घटना को लेकर के पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। जबकि जिस जगह शव पाया गया है वहां पर खून के धब्बे व खून के निशान नहीं पाए गए हैं। जिससे पुलिस को यह आशंका है कि हत्या कहीं और करने के उपरांत शव को यहां फेंका गया है।वही भीड़ में मौजूद लोगों के द्वारा पुलिस को यह बताया गया कि घूरपुर थाना क्षेत्र में जसरा कस्बे में लालचंद इंटर कॉलेज के सामने व गौहनिया में बड़े पैमाने पर स्मैक बेचने का कारोबार हो रहा है। लेकिन पुलिस के द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं लोगों के द्वारा यह आशंका जताई जा रही है कि श्वेतांश मिश्रा की हत्या भी इस नशे को लेकर के हुई कहासुनी की वजह हो सकती है।



## राष्ट्रीय लोक अदालत मे बैठक हुई आयोजित

**सुलतानपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन में श्री जय प्रकाश पाण्डेय, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुल्तानपुर की अध्यक्षता में आज दिनांक 19.01.2023 को साय 04ः30 बजे श्री त्रिभुवन नाथ पासवान अपर जनपद न्यायाधीश / नोडल अधिकारी लोक अदालत सुल्तानपुर एवं श्री अभिषेक सिन्हा अपर जनपद न्यायाधीश /सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुल्तानपुर की उपस्थिति में आर्बिट्रिशन के निष्पादन वादों, बैठक में उपस्थित समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण जनपद न्यायालय सुल्तानपुर से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद नियत करते हुए आयोजित विशेष लोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत वादों को अधिक से अधिक निस्तारित कराए जाने की अपेक्षा की गई।

# लायन्स क्लब ने ई-वेस्ट जागरुकता रैली निकाली




**जौनपुर-** लायन्स क्लब इंटरनेशनल ने पूरे भारत में दुनिया का सबसे बड़ा ई-वेस्ट कलेक्शन ड्राइव शुरू किया। इस अभियान के अन्तर्गत जौनपुर लायन्स संगठन द्वारा ई- वेस्ट जागरुकता रैली शाही किला से निकाली गई। रैली को ई-वेस्ट मल्टिपल कोआर्डिनेटर /एरिया लीडर डा क्षितिज शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली सदभावना पुल, चहारसू चौराहा, शाही पुल, ओलंदगंज होते हुए चौरा माता मंदिर तक गई। रैली में सभी लायन्स क्लब के सदस्य बैनर लिए इलेक्ट्रॉनिक-वेस्ट के प्रति जागरूक करते व ई-कचरा को दान करने के लिए प्रोत्साहित करते चल रहे थे। ई-कचरा संग्रहण के लिए 14 कलेक्शन सेंटर बनाये गये हैं, जिसमें गोल्डेन हार्डवेयर सदर अस्पताल के सामने, सुपर टाइम्स किला गेट, आर. एन. काम्प्लेक्स निकट जेसीज चौराहा, राज ज्वेलर्स अहियापुर मोड़, माँ विंध्यवासिनी पावर एजेंसी मछली मार्केट के सामने कचहरी रोड, केजी डायग्नोस्टिक सेन्टर निकट होटल रिवर व्यू, मौर्या कटरा रुहट्टा, गणेश प्लाईवुड मुमताज कटरा कोतवाली चौराहा, पल्लवी स्टूडियो पालिटेक्निक चौराहा, ज़ेन कम्प्यूटर टीडी कालेज दक्षिणी गेट के सामने, प्रियांशु डेण्टल कुरचनपुर, जनक कुमारी इन्टर कालेज के बगल में, आर.डी. होम रसूलपुर जौनपुर रोड शाहगंज व ओम प्लाईवुड इम्पोरियम गौरा बादशाहपुर पर कलेक्शन सेंटर बनाये गये हैं, जहाँ पर कोई भी ई-वेस्ट सामान समय प्रातः 11 बजे से सांय 5 बजे तक 13 फरवरी तक दे सकता है। इस अवसर पर डा क्षितिज शर्मा ने कहा कि ई-वेस्ट से निकलने वाले ज़हरीले पदार्थ स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, ई-कचरा दुनिया के कुल जहरीले कचरे का 70व हिस्सा बनाता है। भारत में 82व ई-कचरा हमारे उपकरणों से आता है, जो कैंसर का कारण बन सकता है। ई-कचरा नदियों और झीलों को ज़हर देता है। अत्यधिक जहरीले रसायनों के माध्यम से मिट्टी को दूषित करता है।

# बंदरों के आतंक से परेशान हैं सहसों वासी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सहसों (प्रयागराज)।** पूरे सहसों क्षेत्र मे सैकड़ों की संख्या मे काफी समय से डेरा जमायें बंदरो के झुंड व उनके आंतक से स्थानीय लोगो का जीना मुहाल हो गया है। खूंखार बंदरो क आंतक से आस-पास के किसाने सहित रिहायशी इलाके मे रह रहे लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बताया जाता है कि सहसो बाजार मे लगभग तीन दशक पूर्व से डेरा जमाये बंदरो के झुंड अब स्थानीय लोगो के लिये परेशानी के सबब बन चुके है। भूखे बंदरो द्वारा किसानो की जोत-बोकर तैयार की गई फसलो को व्यापक पैमाने पर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। साथ ही साथ इन्हे मना करने पर खूंखार बंदर आक्रमक रूख अख्तियार कर लेते है। रिहायशी इलाको मे घर की महिलाओं का छत पर निकलना दूभर हो रहा है। मौका पाते ही शरारती बंदर घर के अंदर पके-पकाये भोजन को झट से चट करने मे भी बाज नही आते है। स्थानीय लोगो ने बताया कि छत पर सूखाने के लिये अनाज व कपड़े आदि फैला देने पर बंदर उसे नष्ट कर देते है, तथा फल, सब्जी, मिठाई, व पैकेट बन्द नमकीन बेचने वाले दुकानदारों की नजर हटते ही पेड़ व छत पर घात लगाये बैठे बंदर झट से नीचे कूदकर सामानो को लेकर छत पर भाग जाते हैं, जिससे दुकानदारां को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। स्थानीय लोगो ने शीर्ष अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुये बंदरो को पकड़वाये जाने की मांग की है।



# दिल्ली हाईवे पर खड़ी ट्रक से टकराती गई दर्जनभर ट्रक, कई घायल

- कोहरे के चलते देर रात नवाबगंज के पटना गांव के सामने हुआ हादसा
- गाड़ियों में किसी का सामान और किसी का पिछला हिस्सा हुआ क्षतिग्रस्त

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगोपालगंज (प्रयागराज)।** हंडिया-कोखराज दिल्ली हाईवे पर एक खराब खड़े ट्रक से एक के बाद एक दर्जनभर ट्रकें टकराती चली गई। दुर्घटना में चालक व खलासी समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। हादसा बुधवार को आधी रात के बाद नवाबगंज थाना क्षेत्र के पटना उपरहार गांव के समीप हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ट्रक से बाहर निकाल, उन्हें सीएचसी कौड़िहार इलाज के लिए भेजा। बताया जाता है कि नवाबगंज थाना क्षेत्र स्थित नेशनल हाईवे पर पटना उपरहार गांव सामने एक ट्रक खराब हालत में सड़क किनारे खड़ा था। बुधवार देर रात घना कोहरा होने के चलते एक के बाद एक दर्जनभर ट्रक एक दूसरे से टकराती चली गई। दुर्घटना में किसी ट्रक का अगला हिस्सा तो किसी का पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कई चालक व खलासी चोटहिल होकर ट्रकों की केबिन में फंस गए। जानकारी होने पर चौकी प्रभारी हर्षवीर सिंह व चौकी प्रभारी श्रृंगवेरपुर धाम हमराहियों के साथ पहुंचे। फंसे हुए चालकों को घायल अवस्था में बाहर निकाल उन्हें सीएचसी कौड़िहार इलाज के लिए भेजा गया। बाद में क्रेन और जेसीबी के सहयोग से गाड़ियों को एक दूसरे से अलग किया गया।





## एक कन्टेनर में लदे 21 मवेशियों में एक की मौत

**लालगोपालगंज (प्रयागराज)।** नेश्नल हाईवे पर हुए दर्जनभर ट्रकों की भिड़ंत में पुलिस ने एक कन्टेनर से 21 मवेशियों को बरामद किया। जांच पड़ताल में एक की मौत कन्टेनर के अंदर हो चुकी थी। बचे हुए मवेशियों को गाड़ी से उतार कर पास के ग्रामीणों को सुपुर्द किया गया। मरे मवेशी का पशुचिकित्सा अधिकारी से पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे गड्ढा खोद कर गाड़ दिया गया। बताया जाता है कि पुलिस ने चालक, खलासी और वाहन स्वामी को हिरासय में लेकर मामले की पूछताछ कर रही है।

## धूप हवन से करे पूजा-जगदगुरु ब्रह्मर्षि स्वामी गरुड़ महाराज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी (प्रयागराज)।** माघ मेले में वैष्णव धाम विंध्य पर्वत रीवा से आये जगत गुरु ब्रह्मार्षि बाबा स्वामी गरुड़ महाराज जी पूजा पंडाल में कथा सुनाने दौरान बताया कि माघ मेले में आए हुए सभी भक्तगण सावधानी पूर्वक इस बात को ग्रहण करें और संकल्प लें कि चाहे मां गंगा की व घर पर रह कर पूजा करते हो, तो अगरबत्ती का प्रयोग न करें। अगरबत्ती हमारे संस्कृति में नहीं है। यहां पर कल्पवासीगण नियमों का पालन नहीं करते। मां गंगा की पूजा अर्चना में अगरबत्ती का प्रयोग करते हैं। जबकि शास्त्रों में लिखा गया है की बांस से बनी अगरबत्ती को जलाने से हिंदू धर्म में पृत दोष लगता है, इसलिए पूजा पाठ करते समय अगरबत्ती के स्थान पर धूपबत्ती का प्रयोग करें। साथ ही साथ कल्पवास में आए सभी कल्पवासियों को प्रेरणा रूप में कहा कि गंगा को प्रदूषित किया जा रहा है। फूल, माला, पूजन सामग्री को गंगा जी ने बहा कर प्रदूषित कर रहे हैं ऐसा न करें। उन्होंने आगे कहा कि बहुत से लोग धर्म के नाम पर अपनी-अपनी दुकानें चला रहे हैं।



# आड़े तिरछे खड़े होते हैं सवारी वाहन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सहसों (प्रयागराज)।** सहसों चौराहे से निकले विभिन्न मार्गो पर विक्रम और अप्पे चालको द्वारा सवारियों के चक्कर मे आड़े-तिरछे खड़े कर देने से हर समय दुर्खटना की आशंका बनी रहती है। बताया जाता है कि सहसो-हनुमानगंज मार्ग, इलाहाबाद मार्ग व फूलपुर तथा फाफामऊ मार्ग पर विक्रम आटो व अप्पे चालको द्वारा सड़क की पटरियों पर सवारियों के चक्कर मे वाहनो के आगे-पीछे करने से आये दिन दुर्घटना घटती रहती है, तथा जाम की स्थिति बन जाती है।



## गंगा के स्मरण मात्र से नष्ट हो जाते हैं पापः शंकराचार्य

**प्रयागराज।** ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती और द्वारिका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानन्द जी महाराज ने संयुक्त रूप से प्रवचन दिया। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती ने कहा कि गंगा के स्मरण मात्र से पाप नष्ट हो जातें हैं। अगर गंगा स्नान कर लिया तो पीढियों के पाप नष्ट हो जातें हैं। यह महत्व है गंगा स्नान का।वही द्वारिका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानन्द जी महाराज ने कहा कि माघ मेला में कल्प वास का विशेष महत्व है। कल्प वास करने वाले के जन्मो जन्मो के पाप नष्ट हो जातें हैं। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी डाक्टर शैलेन्द्र योगी उर्फ योगीराज सरकार ने दी है।

## पुश्तैनी कब्रिस्तान पर दबंगो से किया कब्जा

**फूलपुर (प्रयागराज)।** फूलपुर थाना अंतर्गत मैलहन ग्राम पंचायत की एक पुश्तैनी कब्रिस्तान खाता संख्या 85 मी0 में पड़ोस के एक व्यक्ति द्वारा अवैध ढंग से रखा मंडहा व गुमटी की बात एसडीएम फूलपुर शुभम श्रीवास्तव के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता ने रखते हुए अवैध कब्जा हटवाने की मांग की। जिसे एसडीएम फूलपुर ने थाना प्रभारी यशपाल सिंह को अग्रसारित किया। तबीयत ठीक न होने के कारण उन्होंने हल्का उपनिरीक्षक राम मिलन यादव को मय हमराह मौके पर भेजा और अवैध कब्जा हटवाने का निर्देश दिया। उपनिरीक्षक ने मौके पर पहुंचकर अवैध मंडहा तत्काल हटवा दिया और शाम तक गुमटी भी हटाने को कहा। वर्ग विशेष को थाना प्रभारी द्वारा त्वरित न्याय मिलने से काफी राहत मिली। समाचार लिखे जाने तक गुमटी नहीं हटी थी। जिसे उपनिरीक्षक के संज्ञान में डाला गया।

## विद्यालय का वार्षिक महोत्सव 23 को

**बहरिया (प्रयागराज)।** बहरिया के मैलहा में स्थित आर0एस0 आनंद हुबराजी सँवारी संस्कार इंटरमीडिएट कॉलेज का वार्षिक महोत्सव 23 जनवरी को मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ0 वी0के0 सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष प्रयागराज तथा कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी विधान परिषद सदस्य होंगे। उक्त आशय की जानकारी विद्यालय के संस्थापक व प्रधानाचार्य राम सजीवन मौर्य ने दी।

## वांछित चढ़ा पुलिस के हत्थे

**होलागढ़(प्रयागराज)।** स्थानीय थाना के देवराज का पूरा निवासी एक वांछित पंकज मिश्र पुत्र ओम प्रकाश मिश्र को पकड़कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी गत वर्ष चोरी के एक मुकदमा में वांछित रहा।

# आकाश ने की अचूक गेंदबाजी

**प्रयागराज।** दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने मनीष देब- स्कन्द गुप्त स्मारक एसीए अंडर-16 लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में सीएवी क्रिकेट क्लब को दस विकेट से, विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने साई क्रिकेट क्लब को 24 रन से और विराट स्पोर्ट्स क्लब ने चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब बी को 54 रन से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए है। साई क्लब के आकाश गिरी ने अचूक गेंदबाजी ( 7.4 - 1 - 36 - 6 ) की लेकिन अपनी टीम को जीत न दिला सके। गुरुवार को दौलत हुसैन मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएवी क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 26.2 ओवर में 84 रन ( आशीष पाल 23, अक्षय यादव 20, अभ्युदय प्रताप सिंह 12 रन, उबैद उल्लह खान 3/27, शिवम कुमार 2/15, सिद्धार्थ वर्मा 2/18, मो. अली खान 1/09, मो. अनस 1/14 ) पर सिमट गई। जवाब में दौलत हुसैन इंटर कॉलेज की टीम ने 11.3 ओवर में बिना विकेट खोए 86 रन ( फैजान अहमद 52 नाबाद, विपुल द्विवेदी 31 अविजित रन ) पर बना लिए। मैच में श्याम यादव व तौसीफ शेख ने अंपायरिंग और अंकित पांडेय ने स्कोरिंग की। भवम मैदान पर विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल पहले बल्लेबाजी करते हुए 37.4 ओवर में 175 रन ( यश जायसवाल 41, अभिनव पांडेय 38, उज्जवल शर्मा 32, तन्मय सिंह 16 रन, आकाश गिरी 6/36, सहिलाश्रफ 1/17, आशीष कुमार 1/19 ) पर बनाए। जवाब में साई क्रिकेट क्लब की टीम ने 35.2 ओवर में 151 रन ( अनमोल शर्मा 36, हर्षित मिश्रा 24, हिमांशु मिश्रा 19, आशीष कुमार 15 रन, अनुराग मौर्य 3/20, उज्जवल शर्मा 2/16, आदर्श तिवारी 2/30, तन्मय सिंह 1/09, अभिनव पांडेय 1/41 ) ही बना सकी। मैच में अजय कुमार व विपिन केशरवानी ने अंपायरिंग और गौरव विजय ने स्कोरिंग की। केपी कॉलेज मैदान पर विराट स्पोर्ट्स क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 38.2 ओवर में 180 रन ( रोहित कश्यप 55, धनंजय त्रिपाठी 31, लकी मौर्य 24, शिवम 19 रन, रितेश पटेल 3/27, प्रीतम कुमार 2/26, श्रेयांश अग्रहरी 1/20, प्रतीक राज 1/29, अमन मोइन सिद्दीकी 1/47 ) पर बनाए। जवाब में चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब बी की पूरी टीम 32.2 ओवर में 126 रन ( अनमोल यादव 24 नाबाद, सचिन तिवारी 21, श्रेयांश अग्रहरी 19 रन, लकी मौर्य 3/29, अमित सिंह 2/26, शुभम बिन्द 2/28, दीपक यादव 1/01, सूर्यांश सिंह 1/19 ) पर टीम सिमट गई। मैच में सुधीर सोनकर व हितेश श्रीवास्तव और प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की।



## परीक्षा पर चर्चा, एक्जाम वैरियर्स, आर्ट कम्पटीशन पर परिचर्चा आज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सहसों (प्रयागराज)।** हनुमानगंज क्षेत्र के जमुनीपुर कोंटवा स्थित मोती लाल नेहरू इण्टर कालेज में आज 10 बजे से परीक्षा पर चर्चा, एक्जाम वैरियर्स व आर्ट प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित होगा।

जिसमें भाजपा गंगापार जिले के सभी जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, मोर्चो के जिला अध्यक्ष, प्रकोष्ठ व विभाग के जिला संयोजक जिला सह संयोजक तथा सांसद, विधायक,

सदस्य विधान परिषद, ब्लाकप्रमुख, चेयरमैन डीसीएफ, जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष एंव पूर्व विधायक को कार्यक्रम में सम्मिलित होना है।

## इलाहाबाद झांसी शिक्षक एम0एल0सी0 चुनाव कार्यालय का होगा उद्घाटन

**सहसों (प्रयागराज)।** शुक्रवार को 3 बजे इलाहाबाद झांसी शिक्षक एम0एल0सी0 चुनाव कार्यालय गंगापार (ओल्ड झूंसी रोड स्थिति मिंकी आरा मशीन के बगल, होमगार्ड ट्रेनिंग सेन्टर चौराहे से पूर्व दिशा अन्दावा की ओर लगभग 100 मीटर मनोज निषाद जिला महामंत्री के आवास पर) का भव्य उद्घाटन जिला प्रभारी लक्ष्मण आचार्य के द्वारा होना सुनिश्चित है। उद्घाटन अवसर पर सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

## मनीष कुमार सिंह बने आप विधानसभा शहर पश्चिमी के अध्यक्ष

**प्रयागराज।** प्रयागराज के मशहूर शिक्षक मनीष कुमार सिंह को जो कि विगत कई वर्षों से आम आदमी पार्टी से जुड़कर सेवाकार्य कर रहे हैं उनको जिला अध्यक्ष डॉक्टर अल्ताफ अहमद ने विधानसभा प्राभारी ज्योति प्रकाश चौबे के अनुमोदन पर आज विधानसभा शहर पश्चिमी का विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया। मनीष ने पार्टी के आला अधिकारियों को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करने का भरोसा दिलाया और नगर निगम चुनाव में अच्छा परिणाम लाने का आश्वासन दिया। मनीष सिंह ने जिलाध्यक्ष डॉ0अलताफ अहमद, जिला महासचिव नितिन सिंह पटेल सहित सभी पार्टी पदाधिकारियों एवं पार्टी के प्रति आभार प्रकट किया।

## कांग्रेस नेता की भाभी के निधन पर जताया शोक

**प्रयागराज।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव व कांग्रेस सेवादल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुधाकर तिवारी की भाभी के निधन पर पार्टी नेताओं ने शोक जताया। गुरुवार को जीरो रोड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेसियों ने शोक सभा की गई। वाराणसी के उदयकरणपुर गाँव, तहसील औराई निवासी स्व मंदन मोहन तिवारी की पत्नी शांति देवी 80 वर्ष का गुरुवार को सुबह 8 बजे निधन हो गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुधाकर तिवारी के स्व मंदन मोहन तिवारी सगे बड़े भाई थे। वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। वहीं कांग्रेस नेता की भाभी के निधन की सूचना मिलते ही राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने शोककुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना करते हुए दुख जताया और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वहीं गंगापार जिलाध्यक्ष सुरेश यादव और यमुनापार जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी की अध्यक्षता में पार्टी नेताओं ने कार्यालय में एकत्र होकर उनको श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूर्व विधायक विजय प्रकाश, प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी, विवेकानंद पाठक, जिला प्रवक्ता हसीब अहमद, तलत अज़ीम, हंजला उस्मानी, अनिल पाण्डेय, राकेश पटेल, मनोज पासी, जितेश मिश्रा, मो0हसीन, सतेंद्र सिंह, रीना बिंद समेत आदि लोग मौजूद रहे।

## मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाओं के लिए फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू

**प्रयागराज।** उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित सेकेण्ड्री (मुंशी/मौलवी), सीनियर सेकेण्ड्री (आलिम अरबी/फारसी), कामिल (अरबी/फारसी) तथा फाजिल परीक्षा वर्ष-2023 के परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है परीक्षा आवेदन भरने हेतु दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए आनलाइन मदरसा पोर्टल http://madarsaboard. upsdc.gov.in पर अंतिम तिथि 28.01.2023 तक निर्धारित हैतथा निर्धारित परीक्षा शुल्क चालान के माध्यम से राजकीय कोष में जमा करने की अंतिम तिथि 24.01.2023 एवं मदरसा पोर्टल पर मदरसा स्तर से दिनांक 31.01.2023 तक आवेदन पत्रों को लॉक करने की अंतिम तिथि निर्धारित है तथा दिनांक 02.02.2023 तक आनलाइन आवेदनों की सूची,

मान्यता की प्रति एवं चालान की प्रति कार्यालय अल्पसंख्यक कल्याण कक्ष सं0 50 विकास भवन, प्रयागराज में उपलब्ध कराया जाये।



## बेंगलुरु में आयोजित टी-20 क्रिकेट मैच खेलने जाएगी आईटीआई यूनिट की टीम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी (प्रयागराज)।** आगामी 23 जनवरी से 26 जनवरी तक चलने वाले अंतर विभागीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन बेंगलुरु, कर्नाटक में आयोजित होगा। क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए प्रयागराज जिले के अंतर्गत औद्योगिक नगरी, नैनी क्षेत्र में स्थापित आईटीआई लिमिटेड कंपनी टीम की घोषणा कर दी गई है। आगामी शुक्रवार को हवाई जहाज के द्वारा बेंगलुरु के लिए रवाना हो जाएंगे।

उक्त कंपनी के मजदूर संघ अध्यक्ष राजेश गिरि एवं मंत्री जयशंकर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि औद्योगिक नगरी, नैनी यूनिट टीम के कप्तान राकेश चंद्र निषाद, पी.के. सिंह, पंकज टंडन, अजय चौधरी, राजेश कुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार मिश्रा, अरशद अल्वी, कार्तिक पटेल, मो॰ आदिल, अनूप किशोर, प्रदीप कुमार सिंह, गौरव तिवारी, अभिषेक सिंह, लोकेश लिखितकर, राकेश कुमार यादव, कोच प्रवीण कुमार दत्ता व टीम प्रबंधक संतोष कुमार शामिल हैं। साथ ही अन्य यूनिट में रायबरेली, मनकापुर गोंडा, पालघाट, केरल, श्रीनगर जम्मू एंड कश्मीर यूनिट की टीम भी भाग लेगी।

# जी-20 से पहले चमकेंगे यूपी के सभी शहर, डिजिटल यूपी की ताकत से रूबरू होंगे विदेशी मेहमान

नागेन्द्र सिंह

**लखनऊ।** यूपी के चार शहरों में आयोजित होने जा रहा जी-20 सम्मेलन प्रदेश के सभी नगर निकायों के सौंदर्यीकरण को बढ़ाने वाला अवसर साबित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद नगर विकास विभाग तैयारियों को अमली जामा पहनाने में जुट गया है। विभाग ने राज्य के सभी निकायों को जी-20 सम्मेलन को लेकर तैयारियों में जुट जाने का निर्देश दिया है। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि प्रदेश को जी-20 की मेजबानी का अवसर मिला है। ये राज्य की बेहतरीन छवि प्रस्तुत करने का एक सुनहरा अवसर है।

लोक भवन में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने बताया




की उत्तर प्रदेश में जी-20 सम्मेलन से जुड़ी 11 बैठकों का आयोजन होगा। प्रदेश के चार शहरों वाराणसी, लखनऊ, आगरा और ग्रेटर नॉएडा में जी-20 सम्मलेन से जुड़े अलग अलग आयोजन होंगे। ये सभी आयोजन प्रदेश के आर्थिक विकास को बढ़ाते हुए जी-20 के अंतर्गत भारत की भूमिका को और अधिक महत्वपूर्ण बनाएंगे। उन्होंने बताया कि अतिथियों के सत्कार की हमारी परम्परा रही है। इस बार हम अपने नगरों को साफ-सुथरा, स्वच्छ और सौंदर्यीकरण करके दुनियाभर से आने वाले अतिथियों का स्वागत करने जा रहे हैं। सजावट और सौंदर्यीकरण के सभी कार्य स्थाई निर्माण होंगे।

### शहरों के सौंदर्यीकरण के लिए चल रहा जी-सिटी अभियान

उन्होंने बताया कि जी-20 सम्मेलन की पहली बैठक 11-12 फरवरी को आगरा में आयोजित होगी। इसके बाद 13 फरवरी से लखनऊ में जी-20 सम्मलेन की बैठकों का आयोजन होगा। जिन चार नगरों में जी-20 की बैठकें हो रही हैं वहां तो व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया ही जा रहा है, इसके साथ साथ प्रदेश के सभी 75 जिलों को सौंदर्यीकरण के लिए निर्देश दिये गये हैं। इस आवभगत के लिए पूरे प्रदेश को तैयार किया जा रहा है। हमने यूपी जी-सिटी का अभियान शुरू किया है। प्रयास ये है कि हम अपने शहरों को कैसे वैश्विक नगरी के रूप में डेवलप कर सकें। प्रदेश के नगरों को वर्ल्ड क्लास बनाने का ये अभिनव प्रयास है।

### विदेशी मेहमान होंगे डिजिटली सशक्त हुए यूपी से रूबरू

नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि इस बार के भारत में आयोजित जी-20 सम्मेलन को लोकतंत्र की जननी के रूप में भी प्रोजेक्ट किया जा रहा है। प्रदेश सरकार भी इस सम्मेलन को बहुत बड़े अवसर के रूप में देख रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से स्पष्ट निर्देश हैं कि जी-20 सम्मेलन के दौरान प्रदेश में डिजिटल एम्पावरमेंट को लेकर जितने भी कार्य हुए हैं उनको अतिथियों के सामने प्रदर्शित किया जाए। इनमें किसान पेंशन योजना से धनराशि का डिजिटल स्थानांतरण, माइम मित्रा, सांस्कृतिक पर्यटन (कुंभ, राम मंदिर), कोविड कंट्रोल सेंटर आदि को प्रदर्शित किया जाए।

### 21 जनवरी को वाकाथन और मैराथन का आयोजन

उन्होंने बताया कि जी-20 विश्व की बीस सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्थाओं का समूह है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट तथा एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के लक्ष्य के साथ उत्तर प्रदेश की देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। ये आयोजन उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विविधताओं, विरासत, पर्यटक स्थलों आदि को विश्व के सामने रखने का बेहतरीन अवसर है। साथ ही इस आयोजन से प्रदेश की आम जनता को जोड़ने के लिए 21 जनवरी को प्रत्येक जनपद में एक साथ वाकाथन और मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ से जी-20 सम्मेलन का झंडा दिखाकर वाकाथन का शुभारंभ किया जाएगा। आयोजन के दौरान आने वाले डेलिगेट्स को एक जिला एक उत्पाद के विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिससे इन उत्पाggqदों को अन्तरराष्ट्रीय मंच प्राप्त होगा।

### पार्क और सड़क का जी-20 पर होगा नामकरण

अधिकारी के अनुसार आयोजन वाले शहरों को हवाई अड्डा से मुख्य शहर तक तथा अन्य स्थानों का सुंदरीकरण, साइनेज, प्रकाश की अत्याधुनिक व्यवस्था, पेंटिंग द्वारा अपनी विरासत को प्रदर्शित किया जा रहा है। इन शहरों में एक-एक पार्क व एक-एक सड़क को भी जी-20 के नाम पर रखने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा आगरा में महिलाओं पर आधारित कार्यक्रम आयोजित होंगे। इनमें मिशन शक्ति की उपलब्धियों पर विशेष फोकस किया जाएगा। साथ ही जिन परियोजनाओं में अवार्ड मिले हैं उन्हें भी जी-20 सम्मेलनों के दौरान प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा।

### उत्तर प्रदेश की संस्कृति से रूबरू होंगे अतिथि

उन्होंने बताया कि जी-20 सम्मेलन के दौरान विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रयास ये होगा कि हमारे विदेशी मेहमानों को हमारी संस्कृति ज्यादा से ज्यादा जुड़ाव महसूस हो। इसके लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही खानपान और ड्रेस आदि पर भी विशेष फोकस किया जाएगा। एयरपोर्ट पर ही विदेशी मेहमानों का स्वागत बनारस के सिल्क के अंगवस्त्रमों को पहनाकर किया जाएगा। सोशल मीडिया के जरिये लोगों को जागरूक करने का कार्य किये जा रहे हैं।

## 'अतिथि देवो भव : की अपनी मूल संस्कृति की भावना से करेगा स्वागत'

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत विश्व की 85 प्रतिशत अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व करने वाले समृद्ध देशों के संगठन जी-20 की इस वर्ष 01 दिसम्बर, 2022 से एक वर्ष की अध्यक्षता कर रहा है। इस दौरान पूरे देश के विभिन्न शहरों में इन देशों के साथ 255 से अधिक बैठकों का आयोजन किया जायेगा। प्रदेश के भी 04 शहरों में आगरा, लखनऊ, वाराणसी तथा ग्रेटर नोएडा में जी-20 की विभिन्न विषयों पर 11 बैठकें आयोजित की जायेगीं। जिसकी शुरूआत अगले माह 11-12 फरवरी को आगरा तथा 13-15 फरवरी को लखनऊ से होगी। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व करने का समय है कि हमारा प्रदेश विश्व के समृद्ध देशों से आये विदेशी मेहमानों का स्वागत 'अतिथि देवो भवः' की अपनी मूल संस्कृति की भावना से करने के लिए व्यापक तैयारी कर रहा है। इसके लिए शहरों का कायाकल्प कर सजाया जा रहा है और वहां की व्यवस्था को वैश्विक मापदण्डों के अनुरूप बनाया जा रहा है। यह समय प्रदेश की सांस्कृतिक विविधताओं, विरासतों, ऐतिहासिक व पर्यटक स्थलोंध्स्मारकों की भव्यता को विश्व समक्ष प्रस्तुत करने का बेहतर अवसर है। इससे प्रदेश की 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था को बनाने में भी मदद मिलेगी। नगर विकास मंत्री ए0के0 शर्मा ने मीडिया सेंटर, लोकभवन में आज आयोजित प्रेसवार्ता में मीडिया को जी-20 की बैठकों के संबंध में प्रदेश में की जा रही तैयारियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर प्रदेश की पहचान बनाने के लिए यहां की नगरीय सुविधाएं भी वैश्विक मापदण्डों की हों। इसके लिए मुख्यमंत्री ने 28 दिसंबर को स्वयं निर्देश दे चुके हैं। मैं भी स्वयं नगर विकास मंत्री तथा प्रमुख सचिव, नगर विकास के स्तर से लगातार कार्यों की मॉनीटरिंग की जा रही है। स्थानीय स्तर पर भी मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, नगर आयुक्त द्वारा कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है। इन सभी कार्यों में जनभागेदारी भी बढ़ाने का भी प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की मंशानुरूप नगरों को गौरवशाली बनाने, इनका शुसोभन, सौन्दर्यीकरण एवं स्वच्छता का वृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश की सभी 762 निकायों में यूपी जीसिटीज का 100 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैठकों के दौरान प्रदेश में आने वाले विदेशी मेहमान पर्यटन, धार्मिक व व्यावसायिक दृष्टि से प्रदेश में कहीं पर भी जा सकता है। उन्होंने प्रदेश के आमजनमानस से भी नगरों को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाकर विदेशी मेहमानों का स्वागत करने की अपील की है। ए0के0 शर्मा ने कहा कि 10 से 12 फरवरी को लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जायेगा।

## डबल डिजिट में पहुंचेगी कृषि क्षेत्र की विकास दर : सूर्य प्रताप शाही

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बृहस्पतिवार को सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ जी की सरकार प्राथमिक सेक्टर अर्थात कृषि, बागवानी, पशुपालन, गन्ना तथा अन्य सहवर्ती क्षेत्रों में आगामी 3 वर्षों में विकास दर को डबल डिजिट में पहुंचाने के लिए अपनी कार्य योजना तैयार कर रही है। इस दृष्टि से कृषि विभाग ने प्रदेश की चार प्रमुख फसलों गेहूं, धान, दलहन एवं तिलहन का उत्पादन तथा उत्पादकता बढ़ाने के लिए विशेष रुप से कार्य कर रहा है।

इसके लिए कृषि विभाग प्रदेश के 4 प्रमुख फसलों गेहूँ, धान, दलहन, तिलहन के विभिन्न जनपदों में उत्पादकता के अत्यधिक भिन्नता को देखते हुए कम उत्पादकता वाले जिलों में स्ट्रेटजी तैयार करने के लिए उन फसलों के सर्वाधिक उत्पादन वाले 3 जिलों को तथा न्यूनतम उत्पादकता वाले 3 जिलों के उप निदेशको और कृषि अधिकारियों की 4 समितियां गठित कर रही है। ये समितियां 3 सप्ताह के भीतर उत्पादन तथा उत्पादकता के अंतर के कारणों की समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। यह रिपोर्ट कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों और कृषकों से विचार-विमर्श कर तैयार की जायेगी। इस रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण कृषि निदेशक के यहां होगा जिससे आने वाली रणनीति तैयार की जा जाएगी।

श्री शाही ने कहा कि इसके साथ ही प्रदेश के भीतर फसलों के क्षेत्रफल एवं उत्पादन के आकड़ों के भिन्नता के कारणों का पता लगाने के बाद कृषि, बागवानी, पशुपालन, गन्ना, राजस्व, नियोजन, संख्यिकी तथा अन्य विभागों के मंत्रियों तथा अपर मुख्य सचिवों की समन्वय बैठक की जाएगी। जिसमें आकड़ों में भिन्नता को ठीक करने संबंधी कार्य योजना तैयार की जाएगी।

कृषि मंत्री ने यह भी बताया कि प्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल/अध्ययन दल कल मोटा अनाज पर आयोजित इंटरनेशनल मिलेट्स कॉन्फ्रेंस तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में संबंधित जानकारियों को एकत्र करने के लिए बैंगलौर जा रहा है। इस दौरान कृषि क्षेत्र की प्रगति में, आपदा प्रबंधन में तथा सेटेलाइट के माध्यम से फसल प्रबंधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग द्वारा कैसे आधुनिकता लाई जा सकती है इस संबंध में भी अध्ययन किया जाएगा। इस अध्ययन दल में प्रदेश के उद्यान मंत्री, कृषि उत्पादन आयुक्त, अपर मुख्य सचिव राजस्व विभाग के एक सचिव तथा एनआईसी के एक अधिकारी शामिल होंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि योगी सरकार द्वारा लगातार यह प्रयास किए जा रहे हैं कि किसानों के हित की योजनाओं का वित्तीय प्रबंधन प्राथमिकता से किया जा रहा है। इस दृष्टि से राज्य पोषित पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के लिए लगभग 45 करोड़ रुपए की दूसरी किस्त शीघ्र जारी कर दी जाएगी। इस योजना के अंतर्गत लैंडस्कैपिंग, वॉटर शेड मैनेजमेंट, भूमि समतलीकरण, बंधों का निर्माण करा कर अनुसूचित जाति जनजाति तथा सीमांत किसानों को पट्टे पर भूमि उपलब्ध कराई जाती है।

श्री शाही ने बताया कि गंगा नदी के दोनों तटों पर पांच-पांच किलोमीटर के क्षेत्र में प्रस्तावित प्राकृतिक खेती के लिए चिन्हित किए गए तटवर्ती 27 जिलों के लिए 47 करोड़ 46 लाख रुपए की धनराशि शीघ्र जारी की जाएगी। इसके साथ ही राज्य पोषित एग्री-जंक्शन स्कीम में 6 करोड़ 45 लाख रुपयों की राशि जारी की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत कृषि स्नातकों को 42 हजार रुपयों का एग्री स्टार्टअप अनुदान दिया जाता है। इसके तहत कृषि स्नातकों द्वारा बीज, फर्टिलाइजर तथा कृषि यंत्र से संबंधित दुकानों के लिए अनुदान लिया जाता है।

बैठक के दौरान उपस्थित अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने बताया कि पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत 60% अनुदान पर लगाए जाने वाले 12.5 हजार सोलर पंपों के लिए पोर्टल आज से खोल दिए गए हैं। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर पंजीकरण की प्रक्रिया मंडल वार 3 चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 4 मंडल, द्वितीय चरण में मध्य क्षेत्र के 7 मंडल तथा तृतीय चरण में पूर्व के 7 मंडल शामिल किए गए हैं।

## आरक्षण विरोधी चेहरे को बेनकाब करने के लिए जदयू ने किया धरना प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** स्थानीय चुनाव आरक्षण के विरोधी चेहरे क ो बेनकाब करने के लिए गुरूवार को जनता दल युनाइटेड पार्टी इकाई के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कांशीराम इको गार्डन में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना में प्रदेश के पार्टी कार्यकर्ता नेताओं ने भाग लिया। धरने का नेतृत्व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने किया और मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के लोकसभा सांसद संतोष कुशवाहा तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव एवं बिहार विधान परिषद के सदस्य रविंद्र प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। धरने में प्रदेश के लगभग सभी जिलों से आए हुए पदाधिकारियों ने सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ हुंकार भरी और कहा कि इस सरकार में पिछड़ों दलितों एवं कमजोर वर्गों का हक मारा जा रहा है और सरकार साजिश के तहत इन वर्गों के संविधान प्रदत्त आरक्षण को समाप्त करने का हर सम्भव प्रयास कर रही है । जिसका हर मोर्चे पर विरोध करना आवश्यक हो गया है। धरना को संबोधित करते हुए संतोष कुशवाहा ने कहा कि1931 में की गई जनगणना के आधार पर पिछड़ों की आबादी 52 फीसदी अनुसूचित जाति की आबादी 15 फीसदी एवं अनुसूचित जनजाति की आबादी 7.5फीसदी आंकी गई है और उसके बाद से किसी तरह की कोई जातीय गणना नहीं हुई है। जिसके कारण योजनाओं का लाभ सभी वर्गों खास तौर पर अनुसूचित जाति ,अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ी जातियों तक नहीं पहुंच पाता है। जन कल्याणकारी एवं विकास की योजनाएं बनाने में भी दिक्कत आती है। धरने को संबोधित करते हुए रविंद्र कुमार ने कहा यदि सरकार जाति गणना करवाती है।

## नगर निगम में 790 स्थानों पर जल रहे हैं अलाव

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ द्वारा नागरिकों को सार्वजनिक स्थानों पर ठंड से बचाये जाने का दायित्व लेकर रैन बसेरो की व्यवस्था की गयी है। वर्तमान में नगर निगम लखनऊ द्वारा नगर के समस्त क्षेत्रो में 57 स्थाई, अस्थाई रैन बसेरे संचालित व क्रियाशील है जिसमें निराश्रितों को आश्रय की व्यवस्था हेतु सभी आवश्यक सुविधायें यथा- बेड, बिस्तर, नहाने के गर्म पानी हेतु गीजर, कमरे को गर्म रखने के लिये ब्लोवर, शौचालय की व्यवस्था एवं साफ-सफाई की अनिवार्य रूप से समुचित व्यवस्था करायी गयी है। नगर निगम लखनऊ की जोनवार टीम द्वारा रात्रि में सभी क्षेत्रो में भ्रमण कर सड़क, फुटपाथ पर सोये हुए व्यक्तियों को वाहनो में बैठाकर रैन बसेरों, शेल्टर होम में लेकर जाने का कार्य प्रतिदिन किया जाता है। वर्तमान में इन रैन बसेरो में 1417 व्यक्तियों द्वारा आश्रय प्राप्त किया जा रहा है।

## देश सर संघ चालक के निर्देश पर नहीं बल्कि संविधान से चलेगा : डा. अय्यूब सर्जन

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** पीस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 अय्यूब सर्जन नें कहा कि देश की आज़ादी के बाद लागू संविधान के अनुसार सभी धर्मों के मानने वालों को अपना जीवन यापन, और अपने धर्म का पालन करने की पूरी आज़ादी हासिल है, मगर देश में कुछ संकीर्ण मानसिकता के संगठन जो देश की एकता और अखंडता को खंडित करने के लिए दिन प्रति दिन फरमान जारी कर मुसलमानों को निशाना बनाकार डराने धमकाने का काम कर रहें है। इसी तरह सर संघ चालक मोहन भागवत नें देश में मुसलमानों के रहने की नसीहत करते हुए निर्देश जारी किया है, जो देश की एकता अखंडता पर प्रहार है। शायद सर संघ चालक को मालूम नहीं कि देश संविधान से चलेगा, उनके फरमान से नहीं, मुसलमान उनकी धमकियों से डरने वाला नहीं है। उन्होंने सर संघ चालक के जारी फरमान पर टिप्पणी करते हुए उक्त बात कही। डा0 अय्यूब सर्जन नें कहा कि सर संघ चालक मोहन भागवत नें संघ के अंग्रेजी अख़बार अर्गनाइजर को इंटरव्यू देते हुए देश में मुसलमानों के रहने के लिए जो शर्त पेश की है, वह निन्दनीय और संविधान विरुद्ध है। संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 में यह साफ है कि यहाँ किसी भी नागरिक को धर्म व जात पात के आधार पर कोई श्रेष्ठता हासिल नहीं है, लेकिन कुछ लोगों पर सत्ता का नशा इस हद तक चढ़ गया है, कि वह खुद को क़यामत तक इस देश के स्याह सफ़ेद का मालिक समझ बैठे हैं, यही कारण है की देश के मुसलमानों का उत्पीडन व परेशान किया जा रहा। कभी जय श्री राम का नारा लगाने के नाम पर मारा जा रहा है, अभी कुछ दिन पहले मुरादाबाद के एक मुस्लिम व्यवसायी को जय श्री राम का नारा न लगाने पर ट्रेन के अंदर मारा पीटा गया है। देश के कुछ तथाकथित संगठन हिंदुत्व के नाम पर श्री रामचंद्र जी के नाम को बदनाम करने के लिए मानवता को तार तार कर रहें है l क्या यही श्री रामचंद्र जी नें संदेश दिया है ? शायद यह लोग श्री रामचंद्र जी के आदर्शो पर चलते तो आज मानवता का हनन न होता l उन्होंने कहा कि देश में जैसे अराजकतत्वों को छूट दी गयी है, कि वह लोकतंत्र, संविधान व क़ानून के विरुद्ध कुछ भी करें उन्हें कानून के शिकंजे में नहीं लिया जाएगा? पीस पार्टी पूरी तरह देश कि स्थित पर गंभीर है, और इसके विरुद्ध न्यायालय का दरवाजा खटखटाए गी।

## भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह को तत्काल सांसद पद से हटाया जाए

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर टोकियो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया और विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता विनेश फोगाट ने यौन शोषण का गंभीर आरोप लगाया है साथ साथ पहलवानों ने यौन शोषण जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया।

इस घटना पर उत्तर प्रदेश आम आदमी पार्टी महिला विंग की प्रदेश अध्यक्षा नीलम यादव ने ट्वीट कर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। नीलम यादव ने कहा की ये बहुत शर्मनाक है की देश को गौरान्वित करने वाली महिला खिलाड़ियों के साथ भाजपा के नेता इस तरह की अभद्रता करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध किया है की मामले की स्पष्टता से जांच हो और रेसलरो को न्याय मिले। उन्होनें कहा की जिस तरह गोंडा से भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह ने कई महिला खिलाडियों का शोषण किया है तो ऐसे गंदे चरित्र वाले इंसान को सांसद बने रहने का कोई अधिकार नहीं, उसे तत्काल सांसद पद से हटाया जाना चाहिए और चरित्रहीन नेताओं को पार्टी से निष्कासित किया जाये। नीलम यादव ने सवाल उठाते हुए कहा की क्या हमारी बहन बेटियों के साथ खेल में ऐसे ही शोषण होता रहेगा ? पीएम जबाब दें। आपको बता दें की रेसलर विनेश फोगाट ने मामले का खुलासा करते हुए बताया की कुश्ती संघ के अध्यक्ष और सांसद बृजभूषण सिंह लड़कियों का यौन शोषण करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। उन्होंने कहा की स्मृति ईरानी कहाँ है, महिलाओं के अधिकारों की बात करती है लेकिन जब उनके भाजपा नेता ही महिलाओं का शोषण कर रहे है तो चुप्पी क्यों साध लेती है। भाजपा के कई चरित्रहीन नेताओं का चेहरा जनता के सामने आ चुका है महिलाओं में रोष है।

## रेशम व्यवसाय से जुड़े किसानों को प्रशिक्षण के लिए कर्नाटक भेजा जायेगा : राकेश सचान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के रेशम विकास मंत्री राकेश सचान ने गुरुवार को गोमती नगर स्थित पर्यटन भवन में पांच दिवसीय सिल्क एक्सपो का शुभारंभ किया। यह प्रदर्शनी गुरुवार से शुरू होकर 23 जनवरी तक चलेगी। सिल्क एक्सपो मे उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, कर्नाटक, बंगाल, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्यों के 40 रेशम वस्त्र उत्पादकों, व्यापारियों, बुनकरों द्वारा अपने रेशम उत्पाद प्रदर्शित किये गये हैं। इसके साथ ही उन्होंने पं0 दीनदयाल उपाध्याय रेशम उत्पादकता पुरस्कार योजना के शहतूती, टसर एवं अरण्डी क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ कोया उत्पादकों तथा धागाकरण एवं बुनाई क्षेत्र के उद्यमी को सर्वोत्कृष्ट कार्य के लिए 11 हजार रुपये की राशि एवं स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में 350 मी0टन रेशम का उत्पादन प्रदेश में हो रहा है, जबकि खपत 15000 मी0टन है। विगत पांच वर्षों में रेशम उत्पादन में 18 फीसदी वृद्धि हुई, जो अपेक्षा से बहुत कम है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में 700 मी0टन का लक्ष्य प्राप्त किया जाना है। प्रदेश को रेशम उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए अधिक से अधिक किसानों को इस व्यवसाय से जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वाराणसी जिले में लगभग 5000 मी0टन रेशम की खपत होती है। वहां के कारीगरों एवं उद्यमियों को शुद्ध रेशम का धागा मिले इसके लिए कर्नाटक सरकार के साथ समझौता कर सिल्क की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। यहां के किसानों को प्रशिक्षण के लिए कर्नाटक भेजा जायेगा। विशेष सचिव एवं निदेशक रेशम सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि प्रदेश में रेशम उद्योग के माध्यम से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार सुलभ कराने, रेशम उद्योग का सर्वांगीण विकास कराने एवं जनसामान्य को शुद्ध रेशमी वस्त्रों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से सिल्क एक्सपो का आयोजन विगत वर्ष 2010-11 से लगातार कराया जा रहा है। शहतूत की झाड़ी से रेशम की साड़ी परिकल्पना को साकार रूप दिये जाने के उद्देश्य से रेशम उत्पादन से वस्त्र उत्पादन तक की सभी विधाओं यथा-गुणवत्तायुक्त रेशम कीटाण्ड उत्पादन, रेशम कीटपालन, कोया उत्पादन, धागाकरण एवं वस्त्र निर्माण तक की गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया, इसमें आम जनमानस को शुद्ध सिल्क की पहचान, परीक्षण की व्यवस्था सिल्क एक्सपो में करायी गई है। कार्यक्रम में रेशम कीटपालकों के मध्य प्रतिस्पर्धा जागृत किये जाने के उद्देश्य से शहतूती क्षेत्र के 35, टसर क्षेत्र के 06 एवं अरण्डी क्षेत्र के 06 चयनित सर्वश्रेष्ठ रेशम कोया उत्पादकों तथा धागाकरण क्षेत्र से 02 एवं बुनाई क्षेत्र से 01 उद्यमी को सम्मानित किया गया। सर्वोत्कृष्ट कोया उत्पादकों में शहतूती सेक्टर से अजीत सिंह (लखीमपुर) एवं केशवराम (बहराइच), टसर सेक्टर से विनोद (झांसी), एरी सेक्टर से प्रेमपुजारी (चित्रकूट) एवं धागाकरण क्षेत्र में कल्पीपारा प्रेरणा धागाकरण एवं रेशम उत्पादन समूह, बहराइच तथा औद्योगिक रेशम धागा उत्पादन समूह, जनपद पीलीभीत एवं सर्वश्रेष्ठ बुनकर हरी किशन मौर्या पुत्र जगरनाथ जनपद वाराणसी रहे। पुरस्कार वितरण समारोह में बिठूर के विधायक अभिजीत सांगा, गोविंद नगर के विधायक से सुरेन्द्र मैथानी, केन्द्रीय रेशम बोर्ड के सहायक सचिव सहित विभाग वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, उप निदेशक (रेशम), सहायक निदेशक (रेशम). कोया उत्पादक, धागाकरण उद्यमी एवं बुनकर आदि उपस्थित रहे।

## गाजीपुर बारा की टीम ने जीती अंतरप्रांतीय फुटबाल ट्रॉफी !

दीपक सिंह

**चंदौली।** अमर वीर इंटर कॉलेज के मैदान में अंतरप्रांतीय फुटबाल प्रतियोगिता का गुरुवार को फाइनल मैच खेला गया। मिरचा की टीम को हरा कर बारा गाजीपुर की टीम ने खिताब पर कब्जा कर लिया। मुख्य अतिथि सैयदराजा विधायक सुशील सिंह और विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।



गुरुवार को अंतरप्रांतीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच मिरचा और बारा गाजीपुर के बीच खेला गया। 90 मिनट के खेल के पहले हाफ के शुरुआत में ही बारा की टीम ने शानदार गोल कर अपनी टीम को एक गोल की बढ़त दिलाई जो अंत तक बरकार रहा।फाइनल मैच के मुख्य अतिथि सैयदराजा विधायक सुशील सिंह ने कहा कि खेल में हार से निराश होने की बजाय उसकी गलतियों से सीख लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा जिस तरह का आयोजन इस मैदान पर किया जा रहा है वह काबिले तारीफ है। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि खेल के लिए इस क्षेत्र के युवाओं को जो भी मदद की आवश्यकता होगी, उसके लिए मैं हमेशा तैयार हूं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस तरह के प्रतिस्पर्धी आयोजन होने से प्रतिभाएं निकलकर बाहर आती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों द्वारा किए गए बेहतर प्रदर्शन की भी सराहना किया। आये हुए अतिथियों का स्वागत समिति के संरक्षक एवं विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख अजय सिंह व अध्यक्ष रुस्तम खान ने किया।कमेटी द्वारा मैन ऑफ द मैच मिरचा की टीम के नदीम को दिया गया जबकि मैन ऑफ द सीरीज बारा गाजीपुर की टीम के अभय को दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के जिला महामंत्री सुजीत जायसवाल, राजेश सिंह, कोच नन्हे सिंह, कमला कांत मिश्र, अशोक सिंह, विश्वनाथ सिंह, शाह आलम खान,अरशद खान, हसनैन खान, राजन खान, इरफान खान, तुफैल खान राजू आदि लोग मौजूद रहे ।कमेंट्री आतिफ खान, हाजी इनाम खान एवं इमरान खान ने संयुक्त रूप से किया।

### विधायक जी ! दो वर्ष बीत गए, नहीं बनी खेल मैदान की चहारदीवारी

चंदौली। जिले के धानापुर कस्बा स्थित अमर वीर इंटर कॉलेज के मैदान पर दो वर्ष पहले आये विधायक सुशील सिंह ने इसी तरह के आयोजन के दौरान लोगों को भरोसा दिलाया था कि वे एक वर्ष के अंदर ही इस खेल मैदान की चहारदीवारी बनाने का काम करेंगे। धानापुर को नगर पंचायत बनाने के साथ ही हिंगुतरगढ़ में शहीद धीरज सिंह के नाम पर स्टेडियम का निर्माण होगा। लेकिन दो वर्ष बीत गए। विधायक अपना ही किया वायदा भूल गए। अब जबकि गुरुवार को वे इसी मैदान पर अंतरप्रांतीय फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच का समापन करने बतौर मुख्य अतिथि आये तो यहां उन्हें देखकर मैदान में ही लोग उनके किये वायदों को लेकर काना फुसी करने लगे।

## संक्षेप

### एसपी द्वारा वृद्धाश्रम में वस्त्र वितरित किया गया

अमेठी। गुरुवार को समाज कल्याण विभाक की तरफ से मुसाफिरखाना रोड गौरीगंज वृद्धा आश्रम में रह रहे वृद्धजन के सेवाभाव से वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर वृद्धजनों को ठंड के वस्त्र वितरित किया गया तथा वरिष्ठ नागरिकों के प्रति पुलिस के संवेदनशील प्रक्रिया को व्यवहार में लाने का प्रयास किया गया एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा किसी भी परिस्थिति में सहायता हेतु अमेठी पुलिस से संपर्क करने हेतु बताया।

### 630 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

अमेठी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में व "नशा मुक्त अमेठी अभियान" के तहत दिनांक 18.01.2023 को उ0नि0 विधानचन्द्र यादव थाना मुंशीगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त जीत कुमार कनौजिया पुत्र शेषकुमार निवासी दुर्जगढ़ मजरे जलामा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 21 वर्ष को भुसियांवा तिराहा के पास से समय करीब 06.25 बजे सायं गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त जीत कुमार कनौजिया के कब्जे से 630 ग्राम गांजा बरामद हुआ। थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया।

### एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 19.01.2023 को उ0नि0 अनिरुद्ध कुमार सिंह थाना अमेठी मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 406/22 धारा 363,366,376 भादवि 3/4पॉक्सो एक्ट थाना व जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त अजय कुमार पुत्र मेवालाल निवासी ग्राम राजापुर मजरे लालगंज अझारा थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 20 वर्ष को रेलवे स्टेशन अमेठी के पास से समय करीब 11.20 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। थाना अमेठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया।

### तमंचा और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

अमेठी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 19.01.2023 को उ0नि0 शिवनरायन सिंह थाना बाजारशुक्ल मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना अभियुक्त कैकूवाद हुसैन पुत्र कयूम हुसैन निवासी तेतारपुर थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी को तेतारपुर मोड़ के पास से समय करीब 09:50 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त कैकूवाद हुसैन के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया।

### अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया अर्दली रूम

अमेठी। गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु सर्किल अमेठी का अर्दली रूम किया गया। जिसमें क्षेत्राधिकारी अमेठी श्री लल्लन सिंह सहित सर्किल के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष व सर्किल के थानों के विवेचकगण उपस्थित रहे। अपर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा विवेचको से विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण व अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु आवश्यक आदेश निर्देश दिए गए।

### ग्रामीण महिलाओं को पुलिस द्वारा किया गया जागरूक

अमेठी। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में "मिशन शक्ति" अभियान के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से थाना जगदीशपुर द्वारा ग्राम टाण्डा वारिसगंज में चौपाल लगाकर ग्रामीण महिलाओं/बालिकाओं को 1090–वीमेन पॉवर लाइन, 181–महिला हेल्प लाइन, 108–एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112–पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098–चाइल्ड लाइन, 102–स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया। महिलाओ/बालिकाओं को महिला संबन्धी होने वाले अपराधों के बारे में भी विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ–साथ एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलो शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलाया गया इस दौरान एन्टी रोमियो टीम द्वारा संदिग्ध मनचलों की चेकिंग भी की गयी।

### 65 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। जनपद में चलाये जा रहे अभियान नशा मुक्त अमेठी के तहत 18.01.2023 को उ0नि0 नन्दराम थाना जायस मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त बन्धन सिंह पुत्र इन्द्रभान सिंह नि0 ग्राम खरौली थान जायस जनपद अमेठी को नसीराबाद रोड से समय करीब 23.05 बजे रात्रि गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 65 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। थाना जायस पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत परिजनों की लौटी मुस्कान

अमेठी। बुधवार को वादिनी श्रीमती संगीता गुप्ता पत्नी नन्दलाल गुप्ता नि0 अमटाही थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी द्वारा लिखित सूचना दी गयी कि आज सबह उनकी पुत्री कुमारी उम्र करीब 17 वर्ष व उसकी सहेली उम्र करीब 17 वर्ष घर से टीकरमाफी बैंक से पैसा निकालने गयी थी जो देर शाम तक घर वापस नहीं आयी व काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिली। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में गुमशुदा बच्चियो के सकुशल बरामदगी हेतु थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा टीम बनायी गयी। सभी टीमो द्वारा सक्रिय होकर आसपास के गावो में तलाश करना शुरु कर दिया गया। सर्विलांस की मदद व दूरभाष वार्ता के क्रम में जीआरपी मुरादाबाद की सहायता से दोनो बच्चियो को रेलवे स्टेशन मुरादाबाद से दिनांक 19.01.2023 को सकुशल बरामद कर आवश्यक कार्यवाही की।

### एएसपी नें कस्बा अमेठी में किया गया पैदल गस्त

अमेठी। गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार द्वारा शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा "मिशन शक्ति" नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ कस्बा अमेठी में बाजार एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया

# बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी के हास्टल के कमरे में फन्दे से लटका मिला बीटेक छात्रा का शव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**झांसी।** बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के छात्रावास में बीटेक की छात्रा का शव फांसी के फन्दे से लटका हुआ मिला। इसकी सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय में हड़कम्प मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने हास्टल के कमरे से कुछ दस्तावेज और मनोचिकित्सक के पर्चे बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि छात्रा मानसिक तनाव में थी। वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन ने पूरे मामले की जानकारी छात्रा के परिजनों को देते हुए उन्हें झासी बुलाया है।

गोरखपुर की रहने वाली लगभग 24 वर्षीय छात्रा सृष्टि राय




विश्वविद्यालय कैम्पस के समता गर्ल्स हॉस्टल में रहकर बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय से बीटेक की पढ़ाई कर रही थी। वह बीटेक चतुर्थ वर्ष की छात्रा थी। गुरुवार सुबह जब हास्टल की सभी छात्राएं क्लास के लिए जा रही थीं तो उन्हें सृष्टि का कमरा नम्बर 24 अन्दर बन्द मिला। इसके बाद छात्राओं ने हास्टल प्रबन्धन को अनहोनी की आंशका जताते हुए मामले से अवगत कराया। काफी देर आवाज देने के बाद जब सृष्टि का कमरा नहीं खुला तो पुलिस को फोन कर मौके पर बुलाया गया।

इसके बाद पुलिस ने कमरा खोला तो सभी के होश उड़ गए। सृष्टि का शव कमरे के पंखे से लटका हुआ था। शुरुआती पड़ताल में पुलिस को छात्रा के कमरे से कुछ नोट्स और मनोचिकित्सक के पर्चे मिले हैं। इससे अन्दाजा लगाया जा रहा है कि तनाव के चलते छात्रा ने आत्महत्या की है। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने छात्रा के परिजनों को सूचना दे दी है। वहीं, मृतका के करीबी दोस्तों से भी पूछताछ की जा रही है।

## बीएससी के छात्र की चाकू से गोदकर हत्या, टंकी के नीचे पड़ा मिला शव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** बुधवार रात बीएससी के छात्र की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। शव घर के पास पानी की टंकी के नीचे पड़ा मिला। एसपी सिटी सहित कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा। पुलिस ने मृतक ने भाजपा नेता समेत आठ लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

उत्तर क्षेत्र के मोहल्ला टापाकलां निवासी अंशुल (22) का शव बृहस्पतिवार सुबह घर के समीप पानी की टंकी के नीचे पड़ा मिला। युवक की चाकू से गोदकर हत्या की गई थी। शव पड़े होने की सूचना पर काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। एसपी सिटी सर्वेश मिश्रा, सीओ सिटी हरिमोहन सिंह के साथ थानाध्यक्ष उत्तर नरेंद्र कुमार शर्मा, रामगढ़ थाना प्रभारी रवि त्यागी और दक्षिण थाना प्रभारी राजेश कुमार पुलिस बल मौके पर पहुंचे। फिंगर प्रिंट की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतक की चप्पल, ईयर फोन की लीड और मोबाइल फोन का कवर कब्जे में लेने के साथ शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। थानाध्यक्ष उत्तर नरेंद्र कुमार का कहना है कि मृतक के बड़े भाई सत्येंद्र ने भाजपा नेता केडी जाटव सहित आठ लोगों को नामजद करते हुए हत्या की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पीड़ित सत्येंद्र का कहना है कि आरोपी केडी जाटव की भतीजी ने आत्महत्या की थी। केडी जाटव की भतीजी की शादी छोटे भाई जितेंद्र से हुई थी। जितेंद्र रेलवे में नौकरी करता है। दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। तब से आरोपी अंशुल को धमकी देते थे। बुधवार दोपहर करीब 11 बजे अंशुल ने इसकी जानकारी फोन पर दी थी। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। मृतक अंशुल के पिता जगदीश, मां सुनीता देवी और भाई जितेंद्र दहेज हत्या के आरोप में जिला जेल में बंद है।

## मानवता की सेवा करना सौभाग्य की बात : डॉ पाण्डेय

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** गुरुवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में चल रहे राष्ट्रीय युवा सप्ताह के समापन पर अवधी साहित्य संस्थान की ओर से स्थानीय डाक-बंगला के मीटिंग हाल में आयोजित युवा संसद में 'स्वामी विवेकानंद के विचार का युवाओं पर प्रभाव' विषय पर संवाद का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण से हुआ।

संवाद गोष्ठी के मुख्य वक्ता अध्यक्ष अवधी साहित्य संस्थान अमेठी डॉ अर्जुन पाण्डेय ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि वेदांत दर्शन के मर्मज्ञ एवं आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद ध्यानसिद्ध कर्मयोगी रहे,जो अपने गुरु के नाम पर रामकृष्ण परमहंस मिशन की स्थापना करके अजर अमर हो गये। उन्होंने एक्राग्रता एवं ब्रह्मचर्य को अपना हथियार बनाया।उनका कथन-मानवता की सेवा करना सौभाग्य की बात रहा।उनका ध्येय-उठो जागो तब तक नही रुको जब तक लक्ष्य मिले।

मुख्य अतिथि पवन वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद 1893 में शिकागो के धर्म संसद में भारतीय सनातन धर्म का परचम लहराके न केवल भारत की पहचान बने अपितु आध्यात्मिक विश्वगुरु बन गये। नरेंद्र नाथ दत्त से लेकर विवेकानंद तक का सफर युवाओं में सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। अध्यक्षता करते हुए अम्बरीष मिश्र ने कहा कि आज का युवा सद्विचारों के अभाव में अधिकांशतः

दिग्भ्रमित है। विश्वास के अभाव में भविष्य के संवारने की संकल्पना उसे वर्तमान के झंझावातों में उलझा रही है। स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं का उचित मार्गदर्शन कर सकते हैं लिहाजा युवाओं को उन्हें पढ़ने की जरूरत है। उनके विचार से आच्छादित युवा बहुत कुछ कर सकता है।

### सरकारी राशन की दुकान मे घटतौली का खेल प्रशासन मौन, जनप्रतिनिधि उदासीन

**अमेठी।** अर्से से घटतौली का खेल चल रहा। उपभोक्ता इस खेल से परेशान है। प्रशासन मौन धारण किए हुए है। जनप्रतिनिधि भी उदासीन है। प्रबेक्षक की मिलीभगत से घटतौली का कारोबार फल फूल रहा। जिले के अमेठी तहसील की सभी ग्राम पंचायतों में घटतौली का खेल राजकीय उचित दर विक्रेता कर रहे। दुकान दार अपने सहयोगी के सहारे काम को अन्जाम दे रहे है। प्रधानों ने इस घटतौली खेल से अनभिज्ञता जाताई और कहा कि पूर्ति विभाग और जांच करने वाले प्रबेक्षक की मिलीभगत है। शिकायत पर कार्यवाही नही होती है। राजा, हरी, लल्लू,रामा, पप्पू, चमेला, दिनाई आदि ने घटतौली के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के संरक्षण से भ्रष्टाचार हो रहा है। बीडीसी,डीडीसी की चुप्पी से ग्रामीण परेशान है। पूर्ति निरीक्षक और जिला पूर्ति अधिकारी प्रत्येक माह तीन हजार रुपए सुबिधा शुल्क की वसूली करते है यह शिकायत ग्रामीणी की है।

## पूरी गरिमा के साथ हर्षोल्लास के मनाया जायेगा गणतंत्र दिवस : डीएम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोण्डा।** डीएम डॉ उज्ज्वल कुमार ने कहा कि जिले में गणतंत्र दिवस पूरी गरिमा के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। 25 जनवरी की शाम को सरकारी भवनों पर रोशनी कराई जाएगी। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रातः 8:30 सभी सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिये कि जहां पर ध्वजारोहण हो वहां पर पहले से डेमो अवश्य कर लिया जाए जिससे कि ध्वजारोहण करते समय कोई भी असहज स्थिति उत्पन्न ना हो। उन्होंने अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी मदरसों पर ध्वजारोहण अवश्य कराया जाए। सभी स्कूलों व विद्यालयों में भी प्रातः दस बजे ध्वजारोहण कराया जाए। ध्वजारोहण



से पहले स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाये। डीएम ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद में सभी शहीदों की मूर्तियों की पहले से साफ-सफाई कराई जाये और गणतंत्र दिवस के मौके पर उन पर माल्यार्पण कराया जाए। जिलाधिकारी ने अपर पुलिस अधीक्षक को गणतंत्र दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, सीआरओ, सिटी मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### सौतन के संतान होने पर विवाहिता ने अस्तपाल में किया हंगामा

**फ़िरोज़ाबाद।** पति द्वारा दूसरी शादी किए जाने की जानकारी होने पर महिला परिजनों के साथ अस्पताल पहुंची और हंगामा करने लगी। सूचना पर दक्षिण थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मामले को शांत कराया। मैनपुरी निवासी महिला आरजू का कहना था कि उसकी शादी रामगढ़ थाना क्षेत्र के मोहल्ला सैलई निवासी भूपेंद्र नामक युवक के साथ हुई थी। भूपेंद्र से उस पर कोई संतान नहीं हुई तो भूपेंद्र ने उसको घर से निकाल दिया। वह मायके में माता पिता के पास रहने लगी। इस बीच भूपेंद्र ने दूसरी शादी कर ली। इसकी जानकारी उसे नहीं दी गई। आज उसको पता चला कि भूपेंद्र ने जिस युवती के साथ शादी की है। उसने बच्चे को जन्म हाईवे स्थित रवि यूनिटी अस्पताल में दिया है। इस पर महिला परिजनों के साथ अस्पताल पहुंच गई। महिला ने हंगामा शुरु कर दिया। इस बीच काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए।

## डीएम ने किया मोतीगंज से तरबगंज मार्ग का निरीक्षण





**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोण्डा।** आज बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी डॉ० उज्ज्वल कुमार ने तरबगंज तहसील अंतर्गत मोतीगंज डुमरियाडीह से तरबगंज संपर्क मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण का औचक निरीक्षण कर सड़क निर्माण की गुणवत्ता व अन्य का लिया जायजा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मार्ग को कटवा कर एवं उसकी चौड़ाई को नपवाकर जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के समय गुणवत्ता एवं समय का विशेष ध्यान रखा जाय। ताकि सड़क निर्माण में मटेरियल गुणवत्तापूर्ण रहे जिससे सड़क निर्माण के बाद किसी प्रकार की समस्या न हो। इस अवसर पर एक्सईएन निर्माण खंड-1 लालजी, एक्सीईएन प्रांतीय खंड प्रमोद कुमार त्रिपाठी, एई निर्माण खंड-1 योगेश राय सहित संबंधित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सांड की टक्कर से वृद्ध की मौत



**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर क्षेत्र में 4 दिन पूर्व सांड की टक्कर से घायल वृद्ध ने आगरा में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वृद्ध की मौत से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। महादेव नगर मे 15 जनवरी को 1 गोवंश सांड ने बच्चों पर हमला करने का प्रयास किया। उसे देख घर के बाहर बैठे वृद्ध मुरारी लाल 60 वर्ष ने सांड को भगाने का प्रयास किया।

सांड ने मुरारी लाल पर हमला बोल दिया। उन्होंने चीख पुकार तो वहा काफी लोग एकत्रित हो गए। लोगों ने किसी प्रकार सांड को वहां से भगाया।घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। वहां उन्हें आगरा रेफर कर दिया गया। परिवारी जनों ने आगरा ले गए। आगरा में उनकी मौत हो गई। परिवारी जन शव को फिरोजाबाद लेकर आए। वृद्ध की मौत से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

## 11 एनडीआरएफ वाराणसी ने मनाया एनडीआरएफ का 18वां स्थापना दिवस

**वाराणसी।** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल आज राष्ट्र की सेवा में अपने समर्पित और गौरवशाली 18वें स्थापना दिवस को मना रहा है। अपने आदर्श वाक्य "आपदा सेवा सदैव सर्वत्र" के तहत हमारे पेशेवर मानव संसाधन ने न केवल वृहद पैमाने में बहुमूल्य मानव जीवन को ही बचाया अपितु भारत में आपदा प्रबंधन क्षमता निर्माण और सार्वजनिक जागरूकता से संबंधित योजनाओं में भी अपना योगदान दिया है।




एन.डी.आर.एफ. ने भारत में ही नहीं अपितु विश्व में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अपनी वैश्विक छाप छोड़ी है और उत्कृष्ट आपदा मोचन बल बनकर उभरा है। एनडीआरएफ ने प्राकृतिक और मानवीय आपदाओं के दौरान अपने कौशल और पेशेवर आचरण, मानवीय दृष्टिकोण और त्वरित राहत खोज और बचाव अभियानों से देशवासियों के बीच उल्लेखनीय विश्वसनीयता पैदा कर दी है। एन. डी. आर. एफ. आपदाओं में राहत बचाव का कार्य तो करती ही है इसके अतिरिक्त सामान्य परिस्थितियों मे जन जागरुकता कार्यक्रम, क्षमता निर्माण कार्यक्रम, स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम व विभिन्न एजेंसियों के साथ मिलकर मॉक अभ्यास भी करती है, जिससे सभी एजेंसियों मे आपसी तालमेल स्थापित हो एवं आपदा के समय त्वरित कार्यवाही कर बचाव कार्य किया जा सके। आज स्थापना दिवस के अवसर पर कमांडेंट श्री मनोज कुमार शर्मा, 11 एन.डी.आर.एफ. वाराणसी के द्वारा सभी रेसक्यूअर को उनके कर्तव्य और समर्पण की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

## 25 जनवरी को मनाया जायेगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस–जिला निर्वाचन अधिकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोण्डा।** 25 जनवरी,2011 से पूरे देश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर जनपद गोंडा के मतदान केन्द्रों पर विभिन्न समारोह आयोजित किये जायेंगे और मतदाताओं को बैजेज लगाकर सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही समारोह में भाग लेने वाले मतदाताओं को शपथ दिलाई जायेगी कि " *हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुये यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगें तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण*रखते हुये, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुये बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। यह जानकारी जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार द्वारा दी गयी।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश के अनुपालन में जनपद के सभी कार्यालयों में दिनांक 25 जनवरी, 2023 को अपराह्न 01:00 बजे कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुये राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने का कार्यक्रम आयोजित किया जाए तथा आयोजित कार्यक्रम में सभी अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को सामूहिक रूप से मतदाता शपथ दिलाई जाए। साथ ही फोटोग्राफ्स भी भेजा जाए। यह सभी कार्यालयाध्यक्ष सुनिश्चित करेंगें।

## बालिका सप्ताह : चस्पा किये गये बीबीबीपी स्टीकर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोण्डा।** महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित किये जा रहे बालिका सप्ताह के दूसरे दिन विभिन्न स्थानों पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ स्टीकर चस्पा किया गया। संरक्षण अधिकारी चन्द्रमोहन वर्मा की अगुवाई में टीम ने पंडरीकृपाल के बिसवा गनेश व खरहटिया गांवों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री वर्मा ने कहा कि लिंग का भेदभाव न करके बेटा व बेटी दोनो को समान शिक्षा प्रदान करें। प्रभारी महिला कल्याण अधिकारी ज्योत्सना सिंह ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही लोगों को जागरूक भी किया गया। जिला समन्वयक राजकुमार आर्य ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में निर्धारित कार्ययोजना के तहत गुरूवार को विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर बीबीबीपी स्टीकर चस्पा कराया गया तथा लोगों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के उद्देश्य के बारे में बताया गया। चाइल्ड लाइन के प्रभारी आशीष मिश्रा ने हेल्पलाइन नम्बर 1090, 112, 1098 आदि के बारे में बताया। उन्होने कहा कि 24 घंटे इन हेल्पलाइन नम्बर से मदद ली जा सकती है। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता पंकज कुमार, केस वर्कर निधि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## श्रीमद भागवत कथा श्रवण से जीव को जन्म जन्मांतर के पाप दोष समाप्त हो जाता है

श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिवस कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव उल्लास पूर्वक मनाया गया। कान्हा स्वरूप में नन्हे से बालक को टोकरी में विराजित कर कथा स्थल से व्यासपीठ पर लाया गया। संगीतमय बधाइयां गाई गईं। श्रद्धालुओं द्वारा प्रभु जन्म पर समर्पित माखन मिश्री का प्रसाद का वितरण हुआ। कथा के विभिन्न प्रसंग और संगीतमय भजनों के साथ कहे गए वृत्तांतों में कथावाचक कौशलेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने व्यास पीठ से कहा कि श्रीमद भागवत कथा श्रवण से जीव को जन्म जन्मांतर के दोष समाप्त होकर पुण्य प्राप्त होकर अंततः आत्म की मुक्ति होती है। गुरु की महिमा का बखान करते हुए कहा कि अपने गुरु का अपमान या उनकी अनदेखी ईश्वर को भी अनुचित लगती है और कागभुसुंडी द्वारा ऐसा किए जाने पर भगवान भोले नाथ ने उन्हें शाप दिया।



उसकी मुक्ति के लिए स्वर्ग में किए गए यज्ञ में देवराज इंद्र द्वारा राक्षसों को साकल्य का अंश भोग देने के विषय पर उपजे क्रोध से उन पर ब्रह्म हत्या का दोष लगा। ब्रह्म हत्या का पाप क्षीण करने के लिए उसके चार भाग हुवे वह पहला भाग को धरती पर है इसलिए धरती को हमने पर उसका उर्वरा शक्ति जाग्रत होती है, दूसरा भाग पानी पर है इसलिए स्नान के पूर्व जल को हिलाकर प्रभु नाम पवित्र नदियों का स्मरण करें, तीसरा भाग पेड़ों पर और चौथा भाग महिलाओं के शरीर में हैं इसके प्रभाव में महिलाएं रजस्वला होती हैं। कथा प्रसंगों से जुड़े संगीतमय भजनों पर भागवत कथा प्रेमी महिलाओं द्वारा प्रभु की भक्ति के स्वरूप नृत्य कर कथा स्थल पर स्वयं को ईश्वर के प्रति भावनात्मक समर्पण व्यक्त किया। ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री ने बताया कि महंत राम उदय दास को यह स्वप्न में आया था कि हम भगवान की कथा सुन रहे हैं और इस स्वप्न को सुबह ही प्रण लिया कि जल्द से जल्द कथा सुनें आज उनका संकल्प पूर्ण हो हुआ दिख रहा है। और और आज बहुत ही उत्साहित दिखे। कथा में धनुका एग्रीटेक के एरिया मैनेजर आशुतोष शुक्ला एडवोकेट पंकज तिवारी सूरज शुक्ला एडवोकेट अजय शुक्ला प्रमोद सिंह आदि हजारों भक्त कथा में उपस्थिति रहें।

# लखीमपुर हिंसा मामले में आशीष मिश्रा की जमानत पर फैसला सुरक्षित

## यूपी सरकार ने किया याचिका का विरोध

**नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट बताया कि उसने आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत याचिका का विरोध किया था। साथ ही कोर्ट को अवगत कराया कि घटना के चश्मदीद गवाह ने आरोपी मिश्रा को मौके से भागते देखा था और यह बात चार्जशीट में भी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने कोर्ट में कहा कि अपराध गंभीर श्रेणी का है और ऐसे में आरोपी को जमानत देना समाज पर बुरा असर डाल सकता है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहा है। आशीष मिश्रा ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है, जिसमें हाईकोर्ट ने आशीष मिश्रा को हिंसा मामले में जमानत देने से इंकार कर दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने जब जमानत याचिका का विरोध करने की वजह पूछी तो उत्तर प्रदेश सरकार की एडिशनल एडवोकेट जनरल गरिमा प्रसाद ने जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जेके माहेश्वरी की पीठ को बताया कि अपराध गंभीर श्रेणी का है और आरोपी को जमानत देने से समाज में गलत संदेश जाएगा। आशीष मिश्रा की जमानत याचिका का विरोध करने वाले लोगों की तरफ से वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे कोर्ट में पेश हुए। दुष्यंत दवे ने भी कहा कि आरोपी को जमानत देने से समाज में गलत संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि यह एक साजिश और सुनियोजित तरीके से की गई हत्या थी। दवे ने कहा कि आरोपी एक प्रभावशाली व्यक्ति का बेटा है और इसका केस भी मजबूत वकीलों द्वारा लड़ा जा रहा है। वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी आरोपी आशीष मिश्रा की तरफ से कोर्ट में पेश हुए और दुष्यंत दवे की दलील का विरोध किया और कहा कि वह कौन है? कितना ताकतवर है? क्या यह जमानत ना देने की वजह है! मुकुल रोहतगी ने दलील दी कि उनका मुवक्किल बीते एक साल से ज्यादा समय से जेल में बंद है और जिस तरह से ट्रायल चल रहा है, वह पूरा होने में 7-8 साल लेगा। उन्होंने कहा कि जिस जगजीत सिंह ने मामले में शिकायत की है, वह चश्मदीद गवाह नहीं है और उसकी शिकायत सिर्फ अफवाह पर आधारित है। मुकुल रोहतगी ने ये भी कहा कि उनका मुवक्किल अपराधी नहीं है और उसका कोई आपराधिक इतिहास भी नहीं है। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। बता दें कि लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी का बेटा आशीष मिश्रा आरोपी है। आरोप है कि अक्टूबर 2021 में लखीमपुर खीरी के तिकोनिया में प्रदर्शन कर रहे किसानों पर आशीष मिश्रा की कार ने किसानों को रौंद दिया था। जिसमें आठ किसानों की मौत हो गई थी। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने एसयूवी सवार लोगों पर हमला कर दिया था, जिसमें कार का ड्राइवर और दो बीजेपी कार्यकर्ता मारे गए थे। इस मामले में आरोपी आशीष मिश्रा जेल में बंद है। जमानत के लिए आरोपी आशीष मिश्रा ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी लेकिन बीते साल जुलाई में दिए अपने फैसले में हाईकोर्ट की आशीष मिश्रा की जमानत याचिका का खारिज कर दिया था।

### सुप्रीम कोर्ट में बोली केंद्र सरकार- राम सेतु को राष्ट्रीय विरासत घोषित करने की प्रक्रिया जारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि वह राम सेतु को राष्ट्रीय विरासत स्मारक घोषित करने की प्रक्रिया में है और इस पर विचार चल रहा है। भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि वह इससे जुड़े अतिरिक्त सबूत मंत्रालय को दे सकते हैं।

राम सेतु, तमिलनाडु के दक्षिण-पूर्वी तट से पांबन द्वीप और श्रीलंका के उत्तर-पश्चिमी तट से दूर मन्नार द्वीप के बीच चूने के पत्थरों की एक श्रृंखला है। इसे आदम का पुल भी कहा जाता है। भाजपा नेता ने स्वामी ने कहा है कि वह मुकदमे का पहला दौर जीत चुके हैं, जिसके तहत केंद्र सरकार ने राम सेतु के अस्तित्व को स्वीकार किया था। उन्होंने कहा कि संबंधित केंद्रीय मंत्री ने उनकी मांग पर विचार करने के लिए 2017 में बैठक बुलाई थी लेकिन बाद में कुछ नहीं हुआ। भाजपा नेता ने इससे पहले की यूपीए सरकार के पहले कार्यकाल में विवादास्पद सेतुसमुद्रम पोत मार्ग परियोजना के खिलाफ अपनी जनहित याचिका में रामसेतु को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने का मुद्दा उठाया था। मामला शीर्ष अदालत में पहुंचा, जिसने 2007 में रामसेतु पर परियोजना के लिए काम रोक दिया। तब केंद्र ने कहा था कि उसने परियोजना के ''सामाजिक-आर्थिक नुकसान'' पर विचार किया और वह राम सेतु को क्षति पहुंचाए बिना पोत मार्ग परियोजना का दूसरा मार्ग खोजना चाहती है।

## अदालत ने पूछा- क्या 29 सप्ताह का गर्भ गिराना सुरक्षित?

**नई दिल्ली।** 20 वर्षीय अविवाहित बीटेक छात्रा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एम्स डॉक्टरों की टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा है कि क्या 29 सप्ताह बाद सुरक्षित तरह से गर्भ गिराया जा सकता है। मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एम्स निदेशक को 20 जनवरी को डॉक्टरों की टीम गठित कर जांच के आदेश दिए हैं और महिला का चिकित्सकीय परीक्षण कर रिपोर्ट जमा करने को कहा है।

बता दें, सुप्रीम कोर्ट ने बीते साल सितंबर में गर्भपात मामले में बड़ा फैसला सुनाया था। कोर्ट ने कहा था कि महिला चाहें विवाहित हो या अविवाहित सभी को गर्भपात का अधिकार है। आदेश के बाद 24 सप्ताह तक सभी महिलाओं को गर्भपात कराने की इजाजत मिल गई।

### क्या है एमटीपी एक्ट?

मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (MTP) एक्ट के तहत विवाहित महिलाओं की विशेष श्रेणी, जिसमें दुष्कर्म पीड़िता व दिव्यांग और नाबालिग जैसी अन्य संवेदनशील महिलाओं के लिए गर्भपात की ऊपरी समय सीमा 24 सप्ताह थी, जबकि अविवाहित महिलाओं के लिए यही समय सीमा 20 सप्ताह थी। कोर्ट ने इसी अंतर को खत्म करने का आदेश दिया था।

## ललित मोदी के खिलाफ सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार

**नई दिल्ली।** मनी लॉनड्रिंग के आरोपों का सामना करे रहे पूर्व आईपीएल चेयरमैन ललित मोदी, पूर्व अटार्नी जनरल मुकुल रोहतगी के खिलाफ टिप्पणी कर बुरे फंस गए है। अब सुप्रीम कोर्ट रोहतगी के खिलाफ ललित मोदी के बयान पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। दरअसल, हाल ही में ललित मोदी ने सोशल मीडिया पर रोहतगी के खिलाफ टिप्पिणयां की थीं।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ को वरिष्ठ कील कपिल सिब्बल ने बताया कि मोदी ने बिना किसी आधार के रोहतगी के खिलाफ अपमानजनक आरोप लगाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगले शुक्रवार को हम इस मामले को बेंच को सौंपेंगे। पूर्व आईपीएल कमिश्नर ने पिछले दिनों एक इंस्टाग्राम पोस्ट में मुकुल रोहतगी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने मुकुल रोहतगी को धमकाया था कि वह उन्हें भगोड़ा कहना बंद करें। उन्होंने कहा था, वकीलों के बीच चर्चा मं आप मुझे भगोड़ा कहने से बचें, मेरी चर्चा करनी है तो मिस्टर मोदी कहकर संबोधित करेंगे। अगली बार आपसे इतनी शालीनता और नरमी से यह बात नहीं कहूंगा। उन्होंने आगे लिखा था, मैं आपको लाखों बार खरीद और बेच सकता हूं। इसलिए मेरा जिक्र करते समय मुझे केवल मिस्टर मोदी कहकर संबोधित करें।

### दो दिवसीय दौरे पर पश्चिम बंगाल पहुंचे जेपी नड्डा, 144 लोकसभा सीटों पर खास नजर

**कोलकाता।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा दो दिवसीय पश्चिम बंगाल दौरे पर हैं। इसके तहत जेपी नड्डा आज पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में मायापुर स्थित इस्कॉन मंदिर पहुंचे और वहां भगवान के दर्शन और प्रार्थना की। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांता मजूमदार समेत कई वरिष्ठ भाजपा नेता भी जेपी नड्डा के साथ मौजूद रहे। जेपी नड्डा बुधवार रात को कोलकाता पहुंचे थे। अपने नादिया जिले के दौरे पर जेपी नड्डा संगठन और कई जनसभाओं में शिरकत करेंगे। खबर के अनुसार, जेपी नड्डा गुरुवार को बेथुआदहारी में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह पार्टी नेताओं के साथ संगठन स्तर की बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में वह कृष्णानगर लोकसभा सीट पर पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे। बता दें कि साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा कृष्णानगर लोकसभा सीट पर टीएमसी से हार गई थी।

### नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो की बड़ी सौगात

## 26 जनवरी से चार फरवरी तक मुफ्त में बनेंगे स्मार्ट कार्ड

**नोएडा।** नोएडा मेट्रो रेल निगम की तरफ से आजादी अमृत महोत्सव और एक्वा लाइन मेट्रो के चार साल पूरे होने पर स्मार्ट कार्ड बनवाने पर 10 दिन छूट मिलेगी। स्टैंट बैंक ऑफ इंडिया के साथ मिलकर शिविर लगाया गया है।

गणंतत्र दिसव से चार फरवरी तक स्मार्ट कार्ड मुफ्त में बनवाया जा सकेगा। आम दिनों में स्मार्ट कार्ड बनाने के लिए 100 रुपये शुल्क लगता है। इसके बाद रिचार्ज अलग से कराना होता है। कार्ड से सफर करने वालों को डिस्काउंट मिलता है। नोएडा मेट्रो रेल निगम ने सेक्टर-51 और नॉलेज पार्क मेट्रो स्टेशन पर टिकट वेंडिंग मशीन लगाई है। मशीन से नकद टोकन लिया जा सकता है। अभी ट्रायल चल रहा है। अगर ट्रायल सफल रहा तो अन्य स्टेशनों पर भी सुविधा शुरू की जाएगी। लगातार बढ़ रहे यात्रियों की सुविधा के लिए सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन पर अतिरिक ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन और सामान की जांच के लिए मशीन लगाई गई है। नोएडा- ग्रेटर नोएडा मेट्रो (एनएमआरसी) में सफर करने वाले यात्रियों को स्मार्ट कार्ड में न्यूनतम 50 रुपये बैलेंस रखना अनिवार्य कर दिया गया है। शुक्रवार से मेट्रो स्मार्ट कार्ड में इससे कम बैलेंस होने पर यात्रियों को स्टेशन में प्रवेश नहीं मिलेगा। स्टेशन के निकास गेट पर भीड़ कम करने और यात्रियों की सुविधा के लिए मेट्रो प्रबंधन ने यह कदम उठाया है। अभी तक स्मार्ट कार्ड में 10 रुपये के न्यूनतम बैलेंस से प्रवेश मिल जाता था। अब दो स्टेशनों से अधिक दूरी तय करने पर किराया अधिक होने के कारण निकास गेट पर स्मार्ट कार्ड काम नहीं करता।

## आसट्रिक कम्प्यूटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लोवाडीह आसट्रिक ट्रेनिंग सेंटर पर कार्यक्रम का आयोजन



**रांची।** बिहार के लिये आईटी के आयाम को नया दिशा दिखाने वाली पूर्वी भारत की अग्रणी आईटी कंपनी आसट्रिक कम्प्यूटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लोवाडीह, झारखंड में स्थित आसट्रिक ट्रेनिंग सेंटर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस ट्रेनिंग सेंटर पर भारत सरकार की अग्रणी स्कीम दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत 18 वर्ष से ऊपर की बच्चियों को डाटा इंट्री ऑपरेटर का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण को सफलता पूर्वक पूरा करने के बाद इन प्रशिक्षणार्थियों को प्लेसमेंट भी दिया जायेगा। इस कार्यक्रम में आसट्रिक ग्रुप ऑफ़ कम्पनीज के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री प्रभात कुमार सिन्हा, डायरेक्टर श्रीमती रिमझिम सिंह, आयुषि वार्षिका, कौशल निदेशक श्री संजय रंजन, बीसीसीएल के जीएम श्री बीरेन्द्र कुमार सिन्हा और झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर मोहम्मद हसनैन वारसी इत्यादि उपस्थित थे. इस मौके पर प्रशिक्षणार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने हुनर का परिचय दिया. इस मौके पर श्री प्रभात कुमार सिन्हा ने अपने विचार रखे एवं कहा की आसट्रिक कंपनी क्वालिटी ट्रेनिंग के लिए प्रतिबद्ध है अगर झारखण्ड सरकार से और काम मिला तो यहाँ पर और ट्रेनिंग सेंटर विकसित करेंगे. मोहम्मद हसनैन वारसी ने ट्रेनिंग सेंटर एवं यहाँ होने वाले क्वालिटी ट्रेनिंग की खुलकर सराहना की एवं भविष्य में हर संभव मदद का वादा किया।

आसट्रिक ग्रुप के फाउंडर श्री प्रभात कुमार सिन्हा ने अपने सम्बोधन में आसट्रिक ग्रुप का विज़न एवं मिशन बताते हुए बिहार और झारखंड के युवाओं के ट्रांसफॉर्मेशन के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई एवं अपनी सहयोगी कंपनियों को भी अवसर प्रदान किया की वो बिहार की शिक्षा वयवस्था की सुधार की दिशा में बेहतर से बेहतर तकनीक का उपयोग कर यहाँ के युवाओं को लाभान्वित करें। दुनिया तेज़ी से बिग डाटा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म्स, नेट्वर्क, साइबर सिक्यूरिटी, ब्लॉकचेन, डिजिटल सिक्यूरिटी की ओर अग्रसर है, हमें कदम से कदम मिलकर चलने की ज़रूरत है। आसट्रिक ग्रुप के प्रोजेक्ट मैनेजर एवं कौशल निदेशक श्री संजय रंजन ने उपस्थित गणमान्य अतिथियों को धन्यवाद दिया। गौरतलब है कि आसट्रिक कम्प्यूटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना के 30 वर्ष पूरे हो चुके हैं।

## मुंबई-गोवा हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, ट्रक-कार की टक्कर में नौ लोगों की मौत



**मुंबई।** महाराष्ट्र के रायगढ़ से गुरुवार सुबह ही एक भीषण हादसे की खबर आई है। बताया गया है कि यहां एक ट्रक और कार की टक्कर हो गई, जिसमें नौ लोगों की मौत हुई है।

पुलिस के मुताबिक, यह हादसा मुंबई से 130 किमी दूर रायगढ़ के रेपोली गांव में सुबह 4.45 बजे हुई। हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग रिश्तेदार थे और रत्नागिरी के गुहागर जा रहे थे। वहीं, सामने से आ रहा ट्रक मुंबई जा रहा था।

मृतकों में एक छोटी बच्ची, तीन महिलाएं और पांच पुरुष शामिल हैं। दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और चार साल की एक घायल लड़की को मनगांव के अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### सिंधुदुर्ग में बस पलटी, दो की मौत, 30 घायल

महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में एक बस पलटने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, 30 से ज्यादा घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना सुबह करीब 5.30 बजे हुई। बस के ड्राइवर का कंकावली में गड नदी के पास एक मोड़ के दौरान नियंत्रण छूट गया। इसके चलते बस पलट गई। पुणे बस में 36 यात्री सवार थे, इनमें से दो की मौत हो गई। सभी घायलों को करीब के ही कंकावली सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### 'अगर कुछ गलत किया हो तो एक्शन ले पुलिस', बेटे के मारपीट के वीडियो पर बोले भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

हैदराबाद। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में छात्र की पिटाई के मामले में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बांदी संजय के बेटे भागीरथ साई का नाम सामने आने के बाद मामले में राजनीति बढ़ गई है। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने भाजपा पर निशाना साधा है। अब इसे लेकर बांदी संजय ने सख्त लहजा इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा है कि अगर उनका बेटा दोषी है तो पुलिस उसके खिलाफ सख्त एक्शन ले। तेलंगाना भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बांदी संजय ने कहा है कि उनके बेटे ने पुलिस के सामने खुद ही सरेंडर कर दिया। अगर उसने कुछ भी गलत किया है तो पुलिस को उसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। गौरतलब है कि इससे पहले संजय ने कहा था कि राजनीति के तहत उनके बेटे को फंसाया जा रहा है।

## भारतीय राजनीति में चाहिए न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जैसे नेता : जयराम रमेश



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश का कहना है कि भारतीय राजनीति में न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न की तरह के नेता चाहिए। जयराम रमेश ने ट्वीट करते हुए लिखा कि 'महान क्रिकेट खिलाड़ी विजय मर्चेंट ने एक बार कहा था कि अपने करियर के चरम पर रिटायरमेंट लेना चाहिए। जब जाना चाहिए, जब लोग पूछे कि क्यों जा रहे हो ना कि तब जब पूछे कि क्यों नहीं जा रहे हो।'

कांग्रेस नेता ने लिखा कि 'न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री ने हाल ही में अपना पद छोड़ने का ऐलान किया है। भारतीय राजनीति को भी ऐसे नेता चाहिए।' बता दें कि जेसिंडा अर्डर्न ने प्रधानमंत्री पद छोड़ने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह 7 फरवरी तक पद छोड़ देंगी। न्यूजीलैंड के सरकारी मीडिया ने बताया कि जेसिंडा अर्डर्न ने कहा है कि वह इस साल चुनाव नहीं लड़ेंगी और बतौर प्रधानमंत्री उनका आखिरी दिन 7 फरवरी होगा। आम चुनाव 2023 में 14 अक्टूबर को होने हैं।

न्यूजीलैंड की सत्ता में साढ़े पांच साल रहने के बाद जेसिंगा अर्डर्न ने यह चौंकाने वाला फैसला किया है। अपने कार्यकाल के दौरान जेसिंडा अर्डर्न ने कोरोना महामारी को झेला और सफलतापूर्वक देश को इस मुश्किल से उबारा। जेसिंडा अर्डर्न ने देश की जनता को अपने फैसले से अवगत कराते हुए कहा कि उन्हें पता है कि प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी निभाने के लिए क्या चाहिए लेकिन अब वह अपने पद से न्याय नहीं कर पा रही हैं। हालांकि उनके कई सहयोगी हैं, जो यह काम अच्छे से कर सकते हैं। न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री ने बताया कि वह अब अपने परिवार पर ध्यान देना चाहती हैं और इसी वजह से वह पीएम पद से इस्तीफा दे रही हैं। उल्लेखनीय है कि साल 2017 में न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री चुनी गईं जेसिंडा अर्डर्न उस वक्त महज 37 साल की थीं। यही वजह है कि वह दुनिया की सबसे युवा महिला प्रधानमंत्री हैं। साथ ही उन चुनिंदा प्रधानमंत्रियों में हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए बच्चे को जन्म दिया।

## हम आतंकी भेजेंगे...कहने वाले डीएमके नेता के खिलाफ राज्यपाल रवि सख्त, मानहानि का मुकदमा दायर



**चेन्नई।** तमिलनाडु में इन दिनों राज्यपाल रवि बनाम स्टालिन सरकार की लड़ाई जोरों पर है। आए दिन कोई न कोई नया विवाद सामने आ रहा है। इस बीच राज्यपाल आरएन रवि ने डीएमके से निलंबित नेता शिवाजी कृष्णमूर्ति के खिलाफ चेन्नई की एक अदालत में मानहानि का मुकदमा दायर कराया है।

बता दें, हाल ही में शिवाजी कृष्णमूर्ति ने राज्यपाल के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की थी, जिसके बाद डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने शिवाजी कृष्णमूर्ति को पार्टी से निलंबित किया था। वहीं भाजपा नेताओं की ओर से भी कृष्णमूर्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी।

तमिलनाडु में इन दिनों एमके स्टालिन सरकार और राज्यपाल आरएन रवि के बीच टकराव की स्थिति है। इस बीच डीएमके नेता शिवाजी कृष्णमूर्ति ने कहा था कि अगर तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि अपने विधानसभा भाषण में अंबेडकर का नाम लेने से इनकार करते हैं, तो क्या मुझे उन पर हमला करने का अधिकार नहीं है? यदि आप सरकार द्वारा दिए गए भाषण को नहीं पढ़ते हैं, तो कश्मीर जाओ और हम आतंकवादी भेजेंगे ताकि वे तुम्हें मार दें।

## डेंटल करिकुलम में जल्द प्रारम्भ होगा एक ब्रिज कोर्स: डॉ विवेक



**नई दिल्ली।** डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के इलेक्टिड एग्जिक्यूटिव डॉ. विवेक सिंह ने होठों और तालु के कटने के विभिन्न कारणों और उपचार के विभिन्न तौर-तरीकों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने इलाज के विभिन्न प्रकार बताए।

उन्होंने स्वीकार किया, इसके इलाज में एक अकेला विभाग काफी नहीं है, जबकि इसके ट्रीटमेंट में कई विभागों को संग-संग कार्य करना होता है। इसके इलाज में ओरल सर्जरी, पीडोडोन्टिक्स और ऑर्थोडोन्टिक्स विभागों की अहम भूमिका होती है। डॉ. विवेक तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से पेशेंट के कटे होठ और तालु का इलाज पर इंटरडिर्पाटमेंटल केस डिस्कशन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. मनीष गोयल ने मुख्य अतिथि का स्वागत करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।


डॉ. सिंह ने डेंटल में जल्द प्रारम्भ होने वाले एक ब्रिज कोर्स का भी इंट्रो दिया। उल्लेखनीय है, डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया इस कोर्स को डेंटल के करिकुलम में शामिल करने की तैयारी में है। इस ब्रिज कोर्स के बाद डेंटिस्ट भी एक जनरल फिजिशियन के तौर पर अपनी सेवाएं दे सकता है। इंटरडिर्पामेंटल केस डिस्कशन के दौरान सवाल-जवाब का दौर भी चला, जिसमें स्टुडेंट्स ने अपनी शंकाओं को लेकर मुख्य अतिथि से सवाल किए। मुख्य अतिथि ने स्टुडेंट्स की शंकाओं का समाधान किया। डिस्कशन में ऑर्थोडोन्टिक्स, पीडोडोन्टिक्स और ओरल सर्जरी के 70 से अधिक स्टुडेंट्स ने प्रतिभाग किया।

डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. मनीष गोयल ने कटे होंठ और तालु के इलाज के लिए लोगों को जागरूक करने और समय से इलाज कराने को उन्हें प्रेरित करने की वकालत की। उन्होंने वर्तमान में डेंटिस्ट की ओर से होंठ और तालु के ट्रीटमेंट में इलाज की विभिन्न तकनीकों पर भी जोर दिया। प्रो. गोयल ने कहा, टीएमयू में इस समस्या के इलाज से जुडे. सभी उपकरण और सुविधाएं मौजूद हैं। कार्यक्रम में ऑर्थोडोन्टिक्स के प्रो. मुकेश कुमार, पीडोडोन्टिक्स के एचओडी डॉ. रामाकृष्ण येलूरी, ओरल सर्जरी की एचओडी डॉ. नीलिमा गहलोत के संग-संग पीजी स्टुडेंट्स, इंटर्न्स आदि भी मौजूद रहे। संचालन पीजी फाइनल ईयर की डॉ. तनीषा सिंह और डॉ. शिवांगी कुमारी ने किया।

### कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह की मांग, 'माइक्रोचिप फ्री होने चाहिए बैलेट बॉक्स'

**भोपाल।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने गुरुवार को मांग की है कि वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रायल (वीवीपीएटी) को 'माइक्रोचिप फ्री बैलेट बॉक्स' में रखा जाए। साथ ही चुनाव के परिणाम केवल वीवीपीएटी के आधार पर घोषित किए जाएं। जानकारी के मुताबिक दिग्विजय सिंह ने कहा, 'हमारी मुख्य मांग यह है कि जिस बॉक्स में मतदाता वीवीपीएटी डालते हैं उसमें कोई माइक्रोचिप नहीं होनी चाहिए और चुनाव के नतीजे उसी के आधार पर घोषित किए जाने चाहिए। फिलहाल, यह राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हैं। वीवीपीएटी सिस्टम डाले गए सभी वोटों का भौतिक निशान रखता है। इसके जरिए मतदाता वेरिफाई कर पाते हैं कि उनका वोट उसी जगह डाला गया है।

## 'धूम' से पुराने जॉन अब्राहम को वापस लेकर आई पठान!



**नई दिल्ली।** पठान को अब तक के सबसे बड़े एक्शन दृश्यों में से एक बताया जा रहा है जिसे भारतीय दर्शकों ने कभी भी सिनेमाघरों में नहीं देखा होगा! यश राज फिल्म्स का शानदार एक्शन शो पठान आदित्य चोपड़ा की महत्वाकांक्षी स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है और इसमें देश के सबसे बड़े सुपरस्टार शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम शामिल हैं।

पठान में जॉन शाहरुख के सबसे बड़े दुश्मन की भूमिका को निभा रहे हैं और उन्हें खुशी है कि यह फिल्म धूम के पुराने जॉन अब्राहम को वापस लेकर आ रही है, एक ऐसी फिल्म जिसने उन्हें अपने बैड बॉय ऑन बाइक की इमेज के साथ दर्शकों के बीच लोकप्रिय बना दिया था।

यश राज फिल्म्स के निर्माताओं द्वारा जारी किए गए एक वीडियो में, जॉन पठान में अपने किरदार के बारे में बोलते हुए बताया, "जिम कूल हैं। जिम खतरनाक है और जिम ही धूम से पुराने जॉन अब्राहम को वापस लेकर आते है! मुझे पठान के एक्शन सीक्वेंस पूरी तरह से पसंद हैं क्योंकि उनमें से ज्यादातर गतिशील हैं।"

उन्होंने आगे बताया, ₹एक सीक्वेंस जिसमें निश्चित रूप से वह बर्फ पर मोटरसाइकिल पर थे और दूसरे में ट्रक पर थे इस तरह से हम आगे बढ़ रहे थे और तीसरा सीक्वेंस हवा में था जो सच में असाधारण है। इस प्रकार से हर एक मूवमेंट में है और अविश्वसनीय हैं।" पठान में बहुत अच्छे दिखने को लेकर तारीफ पा रहे जॉन का कहना है कि उन्हें नहीं पता था कि इस एक्शन थ्रिलर में उन्हें अपने बदन को बिना कपडों के दिखाना पड़ेगा।

उन्होंने बताया की, 'मुझे पता भी नहीं था कि पठान में मेरे नंगे बदन पर गोली मारी जाएगीं, सिड ने मुझे चौंका दिया!' हालाँकि, जॉन अपनी डाइट को लेकर सुपर कन्सिस्टन्ट है और उनके पास इन्सेन फिटनेस लेवल है, इसलिए उनको नग्न / खुले शरीर का शॉट देने के लिए अपने शरीर का रूपान्तर करने की आवश्यकता नहीं थी!